Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

३७

37

श्री मार्तण्ड पञ्चाङ्ग

संवत् २०१९

श्याम सुन्दर

1962-63

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जन्म समय वैशाख शुदि १३ सं. २०२६ तारीख २२.२०.२६ ई २
बाद दुपहर समय ठीक से २२½ बजे
जन्म कुण्डली पं. ईश्वर सिंह जी
का बारहों भाव : ३६ - २५ पे. २२½ पल



CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

२ ३०
६ - २२
४ - ३

२१. २.४०

२ - २०
४४ - ४६
४६ - ६
२४ - २ - ३०

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

॥ ॐ ॥

हृदन्तरज्ञानतमोवितान-निवारणं पण्डितमण्डलीड्यम् ।
त्रिकालदर्शि प्रसरन्मयूखं 'मार्तण्डपञ्चाङ्ग' मिदं चकास्तु ॥

श्रीगणेशाय नमः

श्रीलक्ष्म्यै नमः

श्री बघाटमहीमहेन्द्र "धर्ममार्तण्ड"

पंवारकुलभूषण श्रीमद्राजर्षि
श्री १०५ दुर्गासिंह जी बहादुर,
C. I. E. सोलन ।

वृहज्ज्योतिष सम्मेलन के अध्यक्ष
पञ्चाङ्ग-प्रवर्त्तक

दैवज्ञरत्नराजज्योतिषी
श्री पं० मुकुन्दवल्लभ मिश्र ज्यौतिषाचार्य
कुराली (पंजाब)

सार्वदेशिक सर्वोत्तम सर्वाङ्गशुद्ध पञ्चाङ्ग

मार्तण्ड के उदय से जगमग हुआ आकाश ।
क्या तारा क्या चन्द्रमा सबका छो प्रकाश ॥

राजा गुरु

मन्त्री शुक्र

बघाटमहीमहेन्द्रधर्ममार्तण्ड श्री १०५ मद्दुर्गासिंहवर्मभिः सरक्षितम्

रूपपट्टीया (रूपड़) क्षवृत्तीयं दृग्गणितैक्यविषयैः

—::०::—

अलंकृतम्, धर्मशास्त्रसम्मतं च

BAGHAT

श्रीमार्तण्डपञ्चाङ्गम्

PANCHANG

श्री विक्रमार्कीय सं० २०१९, शाक १८८४, सन् १९६२-६३ ई०, जय हिन्द सं० १५ (१५ अगस्त से १६)

पञ्चाङ्गप्रवर्त्तकाः—स्व० गणकचक्रचूड़ामणि श्री गोविन्द सदाशिव 'आप्टे', श्री पं० केदारनाथ 'सिद्धान्तपञ्चानन' शिष्याः पं० श्री मुकुन्दवल्लभशर्माणो ज्यौतिषाचार्याः

पञ्चाङ्गकर्त्तारौ-प्रवर्त्तकतनयौः—श्री सत्यव्रत शर्मा शास्त्री, साहित्याचार्यः, श्री शक्तिधर शर्मा शास्त्री B.Sc. । संशोधकः—प्रियव्रत शर्मा शास्त्री साहित्याचार्यः, ज्यौतिषाचार्यः B. A.

बाँकीपुर पटना 卐 मोतीलाल बनारसीदास, पुस्तक विक्रेता, बंगलो रोड जवाहरनगर दिल्ली-६ 卐 पो० बा० ७५ वाराणसी

वि० सं० २०२० का श्रीमार्तण्ड पंचाङ्ग हिन्दी, उर्दू व पञ्जाबी में एक साथ भाद्रपद में प्रकाशित हो जावेगा ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

विषयसूची

विषय	पृष्ठाङ्क
विषयसूची, ज्ञातव्य कुछ सांकेतिक शब्द एवं आवश्यक निर्देशन, ग्रहण	१–२
आकाशी कौंसिल का विचार, यंत्र-मंत्र	३–८
दैनिक लग्न सारिणियें (भारतीय स्टै. टा. में)	९–१४
दैनिक लग्न सारिणी से लग्न जानने की रीति—नवांश प्रारम्भ समाप्ति काल ज्ञान, स्थूल चन्द्रोदयास्त ज्ञान, प्रसूति लग्न विचार	१५
प्रसूति स्थान से पाकशाला, शय्याशिर पाद विचार बालारिष्ट बाण-मूकादियोग	१६–१७
भावस्थग्रहफल, स्त्रीजातक, बालकदन्तोत्पत्ति फल गण्डमूल नक्षत्र फलादि	१८–२०
बाल कष्टावली, नक्षत्र कष्टावली	२१–२४
रोगोत्पत्ती कूर्योग, रोग त्रिनाड़ी तिथि वार कष्टावली कालाङ्ग विभाग	२५
ग्रहानिष्टफलशान्त्यर्थ मन्त्रौषधादि शनिविचार गोचर फल ग्रहमैत्री ग्रहशान्त्यर्थ रत्न	२६–२७
ग्रहदृष्टयादिचक्र, पुत्रोत्पत्ति, विवाह एवं पिता की मृत्यु ज्ञान, जन्मेष्ट शुद्धि, भावी वर्षा विचार आदि वर्षा ज्ञान सारिणी अनावृष्टि शान्ति अतिवृष्टि शान्ति	२८–३०
नक्षत्र राशि ज्ञान चक्र, नक्षत्र विष घटी, जन्म कुण्डली से विशेष विचार	३१
द्वादश राशियों का मासिक फल	३२-३३
वर्षफल, श्रवणादि, सृष्टिक्रम, वर्षराजादि फल विचार	३४–३६

आशीराशंसना

जयन्ति श्री महाविद्यापादपङ्कजरेणवः।
मत्कृपालेशमात्रेण रङ्को राजति सत्वरम् ॥ १ ॥
श्रीदुर्गासिंहवर्माख्यो राजा राजगुणैर्युतः।
सनातनीं धर्मधुरं वहन् भागवतोत्तमः ॥ २ ॥
बघाटेशः सोलनाख्य† राजधान्यामुदारधीः।
राजते धर्ममार्तण्डो गोविप्रगणपूजकः ॥ ३ ॥
निर्वेशात्तस्य राजर्षेरिदं पंचाङ्गमुत्तमम्।
प्रसूत्य मार्तण्डसममज्ञानान्ध्यं व्यपोहतु ॥ ४ ॥

† पुरानवपलान्यस्ति रेखातः सोलन पुरम् ।
पत्र शद्रव्यङ्गुलाद्रि (७।११)-मितांगुलपलप्रभा ॥

श्री १००८ आनन्दमयी माँ

मात्रे भवार्तिघनपाशविमुक्तिदायै ।
श्रद्धावनम्रमनसां शरणागतानाम् ॥

विषय	पृष्ठाङ्क
२४ पक्ष तिथि वारादि एवं पाक्षिक भविष्य (सं० २०१९)	३७–६०
दैनिक ग्रह स्पष्ट एवं साम्पातिक काल	६१–७२
दैनिक चन्द्र स्पष्ट शर-क्रान्ति एवं चन्द्रोदयास्त	७३–७८
मंगलादि ग्रहों की क्रान्ति एवं शर	७९–८१
सूर्य क्रान्ति, अक्षांश भेद से चन्द्रदर्शन एवं वृष्टि आदि	८२–८३
भद्रा-मुखपुच्छ घटी ज्ञान, वर्जितकाल, आवश्यक मुहूर्त	८४–८६
योनिनाड्यादिचक्र, मेलापक सारिणी	८७–८९
ग्रह मेलापक–मंगली आदि विचार एवं त्रिबल-शोधन	९०–९१
विवाह मास–दस दोष एवं लग्न शुद्धिविचार	९२
लग्न भङ्गयोग गोधूलि, वधूप्रवेश, द्विरागमन विचार	९३
सम्मुख दक्षिण शुक्र का निषेध एवं अन्य मुहूर्त विचार	९४
गृहादि निर्माण में आय विचार, नूतन गृह प्रवेश	९५
खात चक्र, कूपतडाग चक्र, हल प्रवहण, दिवशूलादि	९६–९७
योगिनीवास, चन्द्रवास, चतुर्घटिका मुहूर्तादि	९८
पल्लीपतन–अङ्ग स्फुरण–उत्पात फल	९९–१००
स्वप्नफल, विंशोत्तरीदशाचक्र, योगिनी चक्र एवं वर्ष कुण्डली में ग्रहों के फल	१०१–१०२
केरल प्रश्नविचार, रोगोत्पत्ति, सन्तानप्रतिबन्धादि विचार	१०३
सुगम प्रश्न विचार, तेजी मन्दी ध्रुवा	१०४–१०६
[illegible]	[illegible]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वर्ष प्रवेश सारिणी	....	....	[illegible]
अक्षांश ०° से ६०° तक के सूर्योदयास्त	....	....	११०–११७
अक्षांशादि सारिणी	....	....	११८–११९
लघुरिक्थ सारिणी	....	....	१२०
साम्पातिक काल की सारिणियें	....	....	१२१–१२५
सूक्ष्म दशम लग्न स्पष्ट करने की सरल विधि	....	....	१२६
लग्न चन्द्रोदयास्त परिवर्तन विधि एवं विश्व के किसी भाग के सूर्योदयास्त निकालना लग्न चन्द्रोदयास्त परिवर्तन सारिणी	....	....	१२७–१३०
ग्रहों के नक्षत्र राशि चार काल	....	....	१३१
विवाहादि मुहूर्त	....	....	१३२–१३४

इस पञ्चाङ्ग में प्रयुक्त ज्ञातव्य सांकेतिक शब्द

अ.=अस्त, अश्विनी, अनुराधा (नक्षत्र), अतिगण्ड (योग), अग्नि (बाण)।
अं.=अंग्रेजी (तारीख—मास), अंश।
आव=आवश्यकता में।
उ.=उपरान्त, उदित, उत्तर।
क.=करण, कर्क, कला।
कृ.=कृष्णपक्ष, कृत्तिका (नक्षत्र)।
क्रां.सा.=क्रान्तिसाम्य (महापात)।
गोधू.=गोधूलि (लग्न)।
घ.=घड़ी।
घं.=घण्टा।
चौ.=चौर (बाण)।
ति.=तिथि।
द.=दक्षिण।
दा.=दान-पूजन।
दि.=दिन।
दि. मा.=दिनमान।
न.=नक्षत्र।
नि.=निम्बार्कों के लिए।
नृ.=नृप (बाण)।
प.=पल, परिघ (योग), पश्चिम।
प.=पर्व।
प्र.=प्रविष्टा (पंजाबी तारीख)।
प्रा.=प्रारम्भ।
भ.=भद्रा, भरिणी (नक्षत्र)।
भा.=भारतीय, भाद्रपद।
मा.=मार्गी।
मि.=मिनट, मिथुन।
मृ.=मृगशिरा, मृत्यु (बाण)।
या.=यावत् (=तक)।
रा.=राष्ट्रीय (भारतसरकार द्वारा संचालित तारीख-मास), रात्रि, राशि, राहु।
रो.=रोग (बाण), रोहिणी
ल.=लग्न।
व.=वक्री, वक्रगति से, वणिक्-वज्र-वरीयान् (योग), वरुण (ग्रह)।
वा.=वार।
वि.=विकला, विष्टि (करण), विष्कम्भ, विशाखा।
वि.मु.=विवाह मुहूर्त।
वै.=वैष्णवों के लिए, वैधृति (योग), वैशाख।
व्र.=व्रत,
व्र.स.=व्रत सब के लिए।
शु.=शुक्ल पक्ष, शुक्रवार, शुक्र (ग्रह), शुभ-शुक्ल (योग ३)।
श.=समाप्त।
सं.=संक्रान्ति (सौर), संवत्।
सा.का.=साम्पातिक काल।
सा.=सायन।
स्मा.=स्मार्तों के लिए।

नोटः—जिस सांकेतिक शब्द को अनेक अर्थों में प्रयुक्त किया गया है, उसका विशेष स्थल पर उपयुक्त अर्थ प्रसंगवश जाना जा सकता है।

इस पञ्चाङ्ग के प्रयोग के लिए आवश्यक निर्देश

(१) इस पंचांग का निर्माण ग्रीनविच से पूर्व रेखांश ७६°।३०' एवं उत्तर अक्षांश ३१° के आधार पर किया गया है, अतः यहां जहां विशेष निर्देश न किया गया हो 'सूर्योदय' से हमारा अभिप्राय इसी स्थल के सूर्योदय से रहता है।

(२) यहां सर्वत्र निरयण पद्धति को अपनाया गया है, जहां सायन गणना की गई है, वहां निर्देश कर दिया गया है। चित्रापक्षीय अयनांश प्रामाणिक मान हैं।

(३) तिथि, नक्षत्र, योग एवं करणों के सम्मुख दिए गए घड़ी पल उनका सूर्योदय से समाप्तिकाल बतलाते हैं। जैसे—चैत्र शुक्ल ५ चन्द्रवार के आगे २६।४८ लिखा है। इसका अभिप्राय है—यह तिथि (पंचमी) चन्द्रवार को सूर्योदय के २६ घड़ी ४८ पल बाद समाप्त होगी और उसी समय षष्ठी प्रारम्भ हो जाएगी।

(४) इस पंचांग में केवल सूर्योदयव्यापी ही करण लिखे गए हैं, दूसरे नहीं।

(५) "चन्द्र संचार" वाले कालम में राशियों के साथ दिए गए घड़ी पल चन्द्रमा के राशिप्रवेश का काल बतलाते हैं। जैसे—चैत्र शुक्ल ५ चन्द्रवार (सं. २०१९) को चन्द्र सञ्चार' में मिथुन ४५।४३ लिखा है। इसका अभिप्राय है कि चन्द्रमा इस दिन सूर्योदय के ४५ घड़ी ४३ पल बाद मिथुन में प्रविष्ट होगा और उससे पूर्व वह वृष में ही था।

(६) चन्द्र संचार से आगेवाले कालमों में सूर्य के उदयास्त, जो कि भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम में हैं, उपरोक्त स्थल के ही हैं। ये काल सूर्यकेन्द्र के उदयास्त को बतलाते हैं।

(७) सूर्योदयास्त वाले कालमों के आगे अन्तिम कालम में दिया गया दैनिक स्पष्ट सूर्य सूर्योदयकालिक एवं सूर्यसिद्धान्तीय है। पंक्तियों वाले दृश्य सूर्य से इसका कुछ अन्तर रहता है।

(८) लस्टर में पंचक एवं भद्रा की समाप्ति तथा प्रारम्भ, ग्रहों के उदयास्त, वक्र-मार्ग तथा राशि-नक्षत्र-पादप्रवेश आदि के सभी काल घटी पलों में हैं, जो सूर्योदय के बाद का काल बतलाते हैं। जैसे—चैत्र शुक्ल ४ रविवार को लस्टर में रेव० में बुध १७।१२ लिखा है। इसका अभिप्राय है—इस दिन सूर्योदय के १७ घड़ी १२ पल बाद बुध रेवती में प्रविष्ट होगा।

(९) यहां दिए गए ग्रह एवं शर भूमध्य स्पष्ट हैं।

(१०) पंक्तियों (अष्टमी, पूर्णिमा, अमावस्या) के स्पष्ट ग्रहों के नीचे दैनिक गति, उससे नीचे मार्गी या वक्री, उससे नीचे उदित या अस्त, फिर चरणसहित नक्षत्र (जिसमें ग्रह है) और फिर सबसे नीचे ग्रह जिस नाड़ी में है उसका निर्देश किया गया है।

(११) पंक्तियों की सभी कुण्डलिएं सूर्योदयकालिक हैं।

(१२) दैनिक स्पष्ट ग्रहों के साथ दिया गया साम्पातिक काल उक्त रेखांश एवं अक्षांश-सम्बन्धी स्थल के स्थानीय मध्यमकाल ० घं. ० मि. का है।

—प्रकाशकीय—

"श्री मार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग" ३५वें वर्ष में प्रविष्ट हो रहा है। इस व्यतीत कालावधि में इसने जो प्रगति की है वह आपके सम्मुख ही है। अपनी यथार्थ भविष्य वाणियों शुद्ध परमोपयोगी अद्वितीय गणित तथा अन्य बहुत से नवीन विषयों के कारण यह हिन्दी पञ्चाङ्गों में प्रमुख स्थान रखता है। चौंका देने वाली भविष्य वाणिएं इसकी अपनी एक विशिष्टता है। सूक्ष्म दैनिक स्पष्ट ग्रह-ग्रहों की क्रान्ति एवं शर ६-६ घन्टे के अन्तर पर स्पष्ट सूक्ष्म चन्द्र, भारत के विभिन्न स्थलों पर चन्द्र दर्शन की तिथि का

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

और भी महत्व बढ़ जाता है। यह अपने पाठक वर्ग को प्रति वर्ष सरलतम शैली द्वारा नए-नए विषयों से अवगत करवाता आ रहा है जिससे उपयोगिता के साथ २ इसकी लोकप्रियता भी उत्तरोत्तर बढ़ती ही जा रही है।

इस पञ्चाङ्ग के प्रति पाठकवृन्द के चिरागत असीम अनुराग से प्रोत्साहित सम्पादक वर्ग इसे भविष्य में और भी उपयोगी बनाने के पूर्ण प्रयत्न में हैं। ज्योतिष जगत में नवयुग का प्रवर्तक यह पञ्चाङ्ग भारत विश्रुत विद्वान् सम्पादकों के अथक परिश्रम से यथापूर्व सदैव प्रगति की ओर बढ़ता हुआ "यथा नाम तथा गुणः" सिद्ध होगा—यह मेरा दृढ़ विश्वास है।

प्रकाशक—सुन्दर लाल जैन

शुभ विवाह

श्री जगन्माता की असीम अनुकम्पा से मेरी सुपुत्री सौ० सुमति देवी प्रभाकर का पाणिग्रहण संस्कार सानेहवाल (लुधियाना) निवासी मान्यवर श्री पं० लछमन दास जी पाठक महोदय के सुपुत्र चि० बाबू श्री बलवन्तराय B. Sc. B. Ed. से गत २-१२-६० को यथा विधि स्नेह सौजन्य के साथ सुसम्पन्न हुआ

इस अवसर पर भारत के श्रद्धेय श्री राष्ट्रपति, पंजाब के गवर्नर श्री गाडगिल महोदय, पंजाब के मुख्य मन्त्री श्री प्रताप सिंह जी कैरों तथा पंजाब विधान सभा के स्पीकर श्री गुरुदयाल सिंह जी ढिल्लों आदि अनेक सज्जनों ने पत्रों द्वारा वर कन्या को आशीर्वाद के साथ शुभ कामनाएँ भेजी।

विशेष कर सोलन (हि० प्र०) से धर्म मार्तण्ड श्री १०५ श्री बघाट नरेश जी ने परम कृपा पूर्वक इस उत्सव में कुराली स्वयं पधार कर वर कन्या को शुभ आशीर्वाद से कृतकृत्य किया। एतदर्थ मैं श्री बघाट नरेश एवं न सभी महानुभावों का हृदय से आभारी हूं।

विनीत :—
मुकुन्द वल्लभ

महापर्व कुम्भ हरिद्वार

"कुंभ राशि गते जीवे यद्दिने मेषगे रवौ।
हरिद्वारे कृतं स्नानं पुनरावृत्ति वर्जनम्॥"
अश्वमेध सहस्राणि वाजपेय शतानिच।
लक्षं प्रदक्षिणा भूमेः कुम्भ स्नानेन तत्फलम्॥"

इस वर्ष मे संक्रान्ति के दिन (१३ अप्रैल शुक्रवार सन् १९६२) को बृहस्पति के कुंभ राशि में होने के कारण हरिद्वार में कुंभमहापर्व का योग बना है, सो धर्मप्राण हिन्दु जनता को चाहिये कि हरिद्वार पहुंच कर इस महापर्व में स्नान दानादि द्वारा पुण्योपार्जन करते हुए बड़े २ संत महात्मा एवं विद्वानों के दर्शन तथा सदुपदेशों द्वारा अपनी आत्मा को पवित्र करें। इस पर्व में तिल वा तण्डुल पूरित कुंभ वा लोटे तथा यथा शक्ति अन्न, सुवर्ण, वस्त्रादि के दान करने का विशेष फल है।

सन्दिग्ध व्रतोत्सवों का निर्णय

दीपावली:—इस वर्ष दीपावली लक्ष्मीपूजन चतुर्दशी शनिवार (२७ अक्टूबर) को [illegible] है, क्योंकि 'जयसिंह कल्पद्रुम' आदि धर्मशास्त्र के प्रामाणिक ग्रन्थों में लिखा अर्धरात्रि व्यापिनी (दोनों) मिले तो वह मुख्य है उसी दिन दीपावली मनानी चाहिए। यदि पहले दिन अर्धरात्रि व्यापिनी अमावस्या हो परन्तु प्रदोष व्यापिनी न हो तो दूसरे दिन प्रदोष व्यापिनी अमावस्या में दीपावली मनानी चाहिए, "तस्य कर्मकालत्वोक्तेरिति वचनात्।" यदि दोनों दिन प्रदोषव्यापिनी अमावस्या न हो तो अर्धरात्रि व्यापिनी ही ग्राह्य है ("उभय दिने प्रदोष व्याप्त्यावेऽर्धरात्र व्यापिनी ग्राह्या तस्या लक्ष्म्यागमन कालत्वाभिधानात्।") इस वर्ष पूर्ण प्रदोष व्यापिनी एवं अर्धरात्रव्यापिनी अमावस्या शनिवार को ही है अतः इसी दिन दीपावली, लक्ष्मी पूजा करनी चाहिए। दूसरे दिन रविवार को अमावस्या प्रदोष में कुछ ही मिनट रहेगी अतः उस दिन दीपावली मनाना अशास्त्रीय होने के कारण निष्फल होगा।

होलिका दहन:—फाल्गुन शुक्ल १४ शनिवार (९ फरवरी) को प्रदोष में भद्रा है अतः भद्रा के पुच्छ में ही होलिका दहन करना चाहिए। भद्रा का पुच्छ इसदिन सायं ७ बजकर १३ मिनट से ८ बजकर २५ मिनट तक है।

ग्रहण निर्णय (सं २०१९)

इस वर्ष भूमण्डल पर केवल दो सूर्य ग्रहण ही होंगें, और वे दोनों भारतवर्ष में कहीं भी नहीं दिखाई देंगे। इन दोनों ग्रहणों का विवरण इस प्रकार है—

(१) **सूर्य ग्रहण** (३१ जुलाई १९६२):—यह ग्रहण अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका के अन्तिम दक्षिणी भाग, दक्षिणी अमेरिका (दक्षिण भाग को छोड़ कर), एवं अरब सागर में दृष्टिगत होगा। इसे अफ्रीका एवं दक्षिणी अमेरिका में कङ्कण के रूप में देखा जा सकेगा।

(२) **सूर्यग्रहण** (२५ जन. १९६३):—यह ग्रहण पेसिफिक समुद्र, दक्षिणी अमेरिका, अटलान्टिक समुद्र, अफ्रीका एवं मेडागास्कर में दिखाई देगा। भा० स्टैं० टा० के अनुसार यह ग्रहण भूमण्डल पर १६ बजकर २७ मि० पर प्रारम्भ होकर २१ बज कर ४९ मि० पर समाप्त होगा। इस ग्रहण को भी दक्षिणी अमेरिका एवं अफ्रीका के दक्षिण प्रान्त तथा मेडागास्कर में कङ्कण के रूप में देखा जा सकेगा।

नोट:—इन दो सूर्यग्रहणों के अतिरिक्त चन्द्रमा के तीन उपच्छाया सम्बन्धी (Penumbral) ग्रहण भी होंगे। उपच्छाया वस्तुतः ग्रहण नहीं माना जाता, क्योंकि उपच्छाया में चन्द्रमा पृथ्वी की वास्तव छाया में प्रविष्ट न होकर उसकी उपच्छाया में प्रविष्ट होता है जिससे चन्द्र बिम्ब किञ्चन्मात्र धूमिल सा हो जाता है। ध्यान रहे—उपछाया में दान, स्नान पूजा आदि का कोई माहात्म्य नहीं है और न ही इसका सूतक ही माना जाता है। ता० १७-७-६२, ता० १५-८-६२ एवं ता० १०-१-६३ को चन्द्रमा भूमि की उपच्छाया में प्रविष्ट होगा।

भूल सुधार

(१)—पृष्ठ ४० पर ज्येष्ठ कृष्ण ३० की पंक्ति में प्रूफ संशोधक के दृष्टि दोष से गुरु शुक्र के राश्यादि गलत छप गए हैं। यहां स्पष्ट गुरु १०।१८।०।६ एवं स्पष्ट शुक्र २।१९।३२।२५ शुद्ध हैं।

(२)—पृष्ठ ४४ पर पंक्ति स्थ ग्रहों के ऊपर श्रावण कृ० ८ के स्थान पर श्रावण कृ० ३० एवं श्रावण कृ० ३० के स्थान पर श्राव० कृ० ८ गलती से छप गया है इसे ठीक करलें। [illegible] वह अपनी तुच्छ मति के अनुसार और प्रभु

आकाशी कौंसिल का विचार सं० २०१९

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आकाशी कौंसिल का विचार सं० १९९२

स्वतन्त्र भारत का जन्मलग्न



ता. १५ अगस्त शुक्रवार
सन् १९४७ इष्ट ४५।२०

विमृश्य ग्रहसंस्थिति मुनिवचः
सिद्धान्तयित्वा स्फुटम् ।
शास्त्रं शाकुनकं विचार्य नितरा-
मालोच्य सत्संहिताः ॥
राष्ट्रे राजसमाजधर्मविषये
हृद्भाविनी या स्थितिः ।
सा शम्भोः कृपया यथामति
मया प्रागेव निर्णीयते ॥

स्वतन्त्र भारत के जन्म की चलित कुण्डली



ग्रह भावस्पष्टानुसार यहां सू. शु. गु. श. चल गये हैं

स्वतन्त्र भारत के १६ वें वर्ष-प्रवेश की कुण्डली



मुस्लिम राष्ट्रों के नववर्ष प्रवेश की कुण्डली



यूरोपीय राष्ट्रों के नववर्ष-प्रवेश की कुण्डली



पाठको ! जिस तरह इस भूमण्डल पर लोकतन्त्र राज्य का शासन करने के लिए शासन-मण्डलमें प्रधानमन्त्री आदि कौंसिल के अधिकारियों की मत-प्रदान (चुनाव) के अनन्तर तीन या पांच वर्ष के लिए नियुक्ति होती है, और उन अधिकारप्राप्त व्यक्तियों की योग्यता अयोग्यता सच्चरित्रता दुश्चरित्रता निःस्वार्थता एवं स्वार्थपरायणतादि गुणावगुणों के अनुसार जैसे शासनयन्त्र पर अच्छा बुरा असर पड़ता है उसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहोंकी परिषद् में प्रतिवर्ष संसारचक्र को चलाने के लिए एक दिव्य एवं अद्भुतशक्तिमती आकाशी कौंसिल का निर्माण होता है। इस आकाशी कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलट फेर तथा अघटित घटनाएँ घटित होती हैं। वह त्रिकालज्ञ महर्षियों के निर्मित ज्योतिर्विज्ञान के ग्रन्थों के आधार से अच्छी तरह जानी जा सकती है।

वह अपनी तुच्छ मति के अनुसार और प्रभु कृपावशात् जो स्फुरित हो रहा है लिख रहे हैं। इस वर्ष आकाशी कौंसिल (ग्रहपरिषद्) के राजमन्त्री आदि पदाधिकारियों तथा आर्ष विचारपूर्वक भारत एवं अन्य राष्ट्रों की राशि का आधिपत्य तथा सूक्ष्म रीत्या उस देश का लग्न कितने अंश में है, यह भी भली प्रकार जान करके विश्व के राष्ट्रीय फल सहित यह आकाशी-कौंसिल ग्रहपरिषद् का विचार लिखा गया है। और जहां जहां वर्ष में क्रूर मन्द गति ग्रहों की युति हुई है उनके दक्षिणोत्तर शर आदि से जो जो फल आचार्य वराह मिहिरादकों एवं श्री जैनाचार्यों ने लिखा है, उनको भी यथामति स्फुट रीत्या समझकर इसी आकाशी-कौंसिल में श्रद्धापूर्वक अन्तर्हित कर दिया है—

इस वर्ष की ग्रह स्थिति धर्म शून्य राष्ट्रों के लिए संकट का कारण बनती दीख पड़ती है। अन्नाभाव, विधर्मी, विदेशियों के आक्रमण, गृह युद्ध तथा नए-नए रोगों का फलना आदि अन्य विपत्तियों से विश्व की स्थिति संकट मयी बन सकती है, इधर हमारे धर्मप्राण भारत में हो रहे अखण्ड कीर्तनों, असंख्य लघुयज्ञों तथा विश्व शान्ति यज्ञों के कारण ग्रह स्थिति जन्य यह कुफल प्रायः नष्ट हो जायेगा। तथा हम भारतीयों पर प्रभु का मंगल मय वरदहस्त अवश्य रहेगा। विश्व के इस आशङ्कित भय सकुल वातावरण को शान्त करने के हेतु भारतीयों का और भी कर्तव्य हो जाता है कि वे वैदिक विधान से और विशेष यज्ञादि-अनुष्ठान कर। समस्त बाधाओं के निवारण तथा अभीष्ट प्राप्ति के लिए यज्ञों का परम महत्व शास्त्र प्रतिपादित है—**"सहयज्ञाः प्रजाः सृष्ट्वा पुरोवाच प्रजापतिः। अनेन प्रस विष्यध्वमेषवोऽस्त्विष्ट-काम धुक् ॥"** अपनी उपासना के विनिमय में देवों से निःस्वार्थ विश्वशान्ति की याचना निष्फल नहीं हो सकती। यदि हम तपः साध्य अनुष्ठानों से देवों को सन्तुष्ट करदें तो इसके विनिमय में वे भी हमारे कल्याणकारी अभीष्ट उद्देश्य की प्राप्ति में पूर्ण सहायक होंगे।—**"देवान् भावयता तेन ते देवा भावयन्तुवः। परस्परं भावयन्तः श्रेयः परम वाप्स्यथ ॥"**

विश्व भविष्य

इस वर्ष की आकाशी कौंसिल के प्रभाव से विश्व के अनेक देशों के शासकों में परस्पर मनोमालिन्य उत्पन्न होगा, जो अच्छा वातावरण बनने में बाधक सिद्ध होगा। विश्व ३भागों में परिपक्व रूप से बट जावेगा। अनहोनी घटनाएँ घटेंगी। रक्तपात, नर-संहार होगा। ग्रह स्थिति भी "प्लावयंति महीं सर्वां रुधिरेण जलेन वा" करेगी। गुरु के वक्री होने के बाद विश्व के संपूर्ण मानवों के हृदय में महान् परिवर्तन होंगे। कई प्रदेशों के शासक लोग पतन के गढ्ढे में गिरकर अपयश के भागी बनेंगे।

इस वर्ष एक बार ऐसी स्थिति बनेगी कि संयुक्त राष्ट्र सङ्घ भी निर्बलता का अनुभव करेगा। राष्ट्रों के झगड़ों से विश्व क्षुब्ध हो उठेगा। संसार के कई भागों पर भारी अचिन्तित विपत्तियें आने से विश्व में विकट स्थिति उत्पन्न होगी। कहीं सैनिक शासन कहीं राष्ट्रपति शासन लागू करना पड़े। विश्व में कहीं शासकों के विरुद्ध विद्रोह भी होंगे। मार्गशीर्ष तक कहीं विशिष्ठ व्यक्तियों व बड़े शासकों को दुष्टकृत भय के योग भी बनते हैं सावधान रहना चाहिए। यहां सभी छोटे बड़े राष्ट्रों की राजनीति में उथल पुथल होगी। महत्व के परिवर्तन होंगे।

विश्व की जनता को सन् १९६२ से सन् १९६५ ईस्वी तक का समय चिरकाल तक स्मरण रहेगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

भारत सरकार

इस वर्ष स्वतन्त्र भारत की वर्ष कुण्डली को देखते हुए ज्ञात होता है कि विश्व में भारत के प्रधान महापुरुषों का मान तो उत्तरोत्तर बढ़ेगा परन्तु इधर भारत की अपनी राजकीय स्थिति नाजुक व नैतिक संकट की परिस्थिति में से गुजरेगी। फिर भी भारत सरकार देश की आन्तरिक व बाह्य अनेक समस्याओं व कष्टों का सामना बड़ी हिम्मत से करेगी, और नेपाल, भूटान, सिक्किम से नई नीति बर्तने को बाध्य होगी। किसी सत्तारूढ़ देश से संबंध विच्छेद करने तक की नौबत पहुँचेगी। अतः यहाँ की राजनीति में महत्व के परिवर्तन होंगे। धार्मिक क्षेत्रों में भी हलचल होगी किसी को अपना पद भी त्याग करना पड़ेगा।

वर्ष में धनेश भौम नीचे की ओर जा रहा है और गु बारहवें में है अतः इस वर्ष आर्थिक स्थिति अच्छी होने के योग नहीं हैं, संचालित योजनाओं में बाधा होगी उनकी पूर्णता में नियत समय के अतिरिक्त और समय भी लगेगा। राज्येश गुरु बारहवें शनि की राशि में है जो किसी बड़े शासक की इच्छा के विरुद्ध कार्य होने से उनकी आत्मा में महाखेद उत्पन्न करेंगे। मंगल शुक्र के प्रभाव से सरकार को अपने किसी देश तथा सीमा सम्बन्धी समस्याओं को सुलझाने में, संभव है कि विशेष सैनिक संघर्ष भी करना पड़े। कर्क, मकर की संक्रान्तियें एक बार की हैं तथा बुध गुरु का दृष्टि सम्बन्ध भी है अतः उच्च पदाधिकारी शासकों को यह वर्ष मृत्यु वा महाभय देने वाला है; अतः सावधान।

आश्विन के बाद सिक्के में कुछ रद्दोबदल हो तथा कहीं मंत्रिमंडल में फेरफार एवं कोई नया मंत्री बने।

कांग्रेस कुण्डली



कांग्रेस की जन्म कुण्डली देखते हुए ज्ञात होता है कि इस वर्ष वह अपनी राज्य सत्ता में से कुछ खो बैठेगी। अन्य विरोधी पक्ष पहिले से उच्च स्तर पर रहेंगे।

आषाढ़ शुक्ल या आश्विन शुक्ल के बाद कुंभ के वक्री गुरु का फल राजा प्रजा के लिए शुभ है। तद्यथा—

"कुंभ राशि गतो जीवः करोति यदि वक्रताम्।
आरोग्यं सर्व स्वास्थ्यं च राज्ञां श्रीर्जय सम्भवः॥"

अर्थात्—प्रजा में आरोग्य, शान्ति तथा शासकों को जय और लक्ष्मी की प्राप्ति हो।

ता० १८-१२-१८८५ ई० बम्बई

—विश्व के अन्य राष्ट्र—

रूस—इस वर्ष स देश के लिए शनि अशुभ है। जो किसी अन्य राष्ट्र से शत्रुता की वृद्धि व भयोत्पादक है। किसी उच्च पदाधिकारी की मृत्यु वा मृत्यु तुल्य परिस्थिति हो, तथा किसी को मजबूरन अपना पद त्याग करना पड़े।

अमेरिका—गर्मी के खनिज पदार्थों के लिये खदानों में कार्य करने वालों में असंतोष

ब्रिटेन—यहाँ के राजपरिवार के लिये यह वर्ष अशुभ है। जनता में भी भय चिन्ता व्यापे।

पाकिस्तान—पड़ोसी देशों से बिगाड़, प्राकृतिक प्रकोप से कष्ट और हैरानी कहीं सैनिक संघर्ष हो। उत्तर से भय व्यापे। समु के किनारे के स्थानों में भारी जन धन की हानि से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो।

चीन—इस वर्ष कुंभ का गुरु कर्क का राहु चीन के शासक मण्डल में परिवर्तन करेगा। जनता में शासकों के विरुद्ध विष फैलेगा। भूख व उत्पातों के कारण जनता मरेगी। यहाँ की सरकार एशिया में अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिये उचित अनुचित सभी प्रयत्न करेगी।

नेपाल—इस देश तथा एतद्देशीय नरेश के लिये यह वर्ष संकट का सूचक है। विद्रोह, उत्पात भय।

काश्मीर—शनि-राहु का भ्रमण कहीं तोड़ फोड़ से कहीं अग्नि प्रकोप से व आन्तरिक विद्रोह से भय देता है। सरकार को यहाँ वर्ष के पूर्वार्द्ध में व्यय विशेष करना पड़ेगा।

इटली आदि—उत्पात, हिमपात तूफानों से हानि होगी। आस्ट्रेलिया में साम्यवाद बढ़ेगा। बौद्ध, यहूदी उन्नति करेंगे।

राष्ट्रीय भविष्य अवलोकनार्थ चक्र



—व्यापारिक जगत्—

इस वर्ष व्यापारेश बुध तथा शनि शुक्र के भ्रमण को देखते हुए ज्ञात होता है कि ... करने वाले मिलों के मालिकों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। पहिले की अपेक्षा ...

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इस वर्ष व्यापारेश बुध तथा शनि गुरु के भ्रमण को देखते हुए ज्ञात होता है कि वर्ष के पूर्वार्द्ध में ही व्यापारिक क्षेत्र में भारी उथल पुथल होगी। सरकार की ओर से नये-नये कानून एवं नियंत्रण लगेंगे।

अन्न—इस वर्ष शनि केतु की स्थिति सभी अन्नों के भावों में भारी तेजी उत्पन्न करेगी। वर्ष के पूर्वार्द्ध में ही कई प्रदेशों में भूखी गरीब जनता घरबार छोड़ देशान्तर में भ्रमण करेगी। कहीं "त्यजतिपुत्रं च जननी॥" वाली कहावत चरितार्थ होती देखी जावेगी।

श्रावण से माघ तक अकाल से कष्ट हो। प्राकृतिक प्रतिकूलता के कारण अन्नोत्पादन में भारी कमी रहेगी। कर्क के राहु, चावलों की खेती में भी प्रायः हानि करेंगे। ज्वार, भारी तेज होगी।

अलसी सरसों मूंगफली—इस वर्ष अलसी के संग्रह कर्ता अच्छा लाभ उठावेंगे। क्योंकि तेजी के योग हैं। ९ जुलाई के बाद एरंड, मूंगफली, अलसी, सरसों, बिनौला तेज रहेगा। १५ मार्च तथा ६ अक्टूबर के करीब खल, तैल, तिलहन में एक मंदी का झटका आवेगा।

२१ जून से १४ जुलाई के अन्दर खल में ॥।) सरसों मूंगफली में लगभग ३) की तेजी आवेगी। २३ अगस्त से २७ सितम्बर तक खल में १॥।) मूंगफली में ७) अलसी में ४) और तेल में २॥।) के करीब तेजी आवेगी। मार्गशीर्ष मास में तिल संग्रह करने से आगे अच्छा लाभ मिलेगा।

रुई—इस वर्ष मार्गशीर्ष के बाद रुई के व्यापारी हमारे प्रदर्शित मार्ग से काम करेंगे तो भारी लाभ में रहेंगे। बिना विचारे ठीक समय पर काम न करने से लाभ के स्थान में हानि होगी।

१२ जून से २२ जून तक रुई में मन्दी होवेगी। १९ जुलाई से २ अगस्त के अन्दर ई के वायदे में मंदी ५० टके आवेगी। २९ सितम्बर से करीब १४ दिन तक रुई में तेजी चलेगी। कार्तिक शुदी तथा पौष शुदी में रुई की मन्दी का ध्यान रखकर काम करें तो लाभ होगा।

सुवर्ण चांदी आदि धातु—इस वर्ष राहु चैत्र में कर्क राशि के २१ अंश में चलेगा। जो यहां से प्रायः सभी सोना, चांदी-तांबा लोहा आदि धातुओं को तेजी की ओर चलावेगा। लिखा भी है—"कर्क स्थिते चन्द्ररिपौ धातवो दुर्लभा मताः।"

११ अगस्त से १ अक्टूबर तक घटाबढ़ी होते हुए पित्तल में २) तांबा में ३) सुवर्ण में ७) और चांदी में १२) के करीब तेजी आवेगी।

७ अक्टूबर के आसपास चांदी सोने में एक मंदी का झटका आवेगा।

खांड गुड़—वर्षारम्भ में रस गड़ादि तेज चलेगा। वैसे इस वर्ष खांड, गुड़ादि की पैदायश अच्छी होगी। २०१९ मार्गशीर्ष, पौष में गुड़ का भाव नीचा रहकर फिर जल्दी ही अच्छी तेजी की ओर चलेगा।

दुग्ध-घृत—इस वर्ष पशुओं की खुराक में तंगी तथा बिमारी के कारण दुग्ध-घृत के भाव तेज रहेंगे।

शेयर—२२ मई से २४ दिन के भीतर प्रायः शेयर बाजार तेजी की ओर रहेगा। २२ सितम्बर से २९ सितम्बर तक भी तेजी रहेगी। तदनन्तर ८ अक्टूबर से ११ दिन के अन्दर शेयर बाजार मंदे रहेंगे।

वस्त्र—इस वर्ष वस्त्र बिक्री करने वाले मिलों के मालिकों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। पहिले की अपेक्षा उन्हें माल निकालने में कुछ हानि का भी अनुभव होगा, फिर भी वस्त्रों में कोई खास मंदी का योग नहीं है, कुछ तेजी ही रहेगी। १९ नवम्बर के बाद रेशमी व रंगीन वस्त्रों के भाव तेज रहेंगे।

करयाना—इस वर्ष कुंभ के गुरु करयाना के भावों को तेजी की ओर रखेंगे। गर्म मसाला, तज, लौंग तथा सुपारी, पिस्ता, अखरोट तेज होंगे। १८ नवम्बर के बाद नारियल तेज होंगे।

इस वर्ष लाल मिर्च के व्यापारी लाभ में रहेंगे लाल मिर्च से विशेष लाभ उठाना हो तो पत्र व्यवहार करें। लकड़ी, कोयला भी तेज रहेगा।

भय रोगोपद्रव

इस वर्ष विश्व में कहीं रक्त विकारादि से, कहीं गले के ऊपर के, कहीं हृदरोग से कष्ट होगा। भारत के वायव्य कोण तथा पश्चिमी पाकिस्तान, काबुल, ईरान में भय हो। बिहार, आसाम, बंगाल, उड़ीसा, व नर्मदा के किनारे तथा कहीं कहीं उत्तर भारत में जलसे या प्रकृति कोप से भय हो। १७ जून से २७ जून तक कहीं अग्नि प्रकोप कहीं विस्फोट से भय हो। २४ जुलाई से १७ अगस्त तक समुद्र तीरवर्ती देशों में दूषित वायु व तूफानादि से हानि हो। २८ सितंबर के बाद किसी देश पर अचिन्तित भय व्यापे। १७ अक्टूबर से ३१ दिन के अन्दर कहीं राज से कहीं उत्पात से भय हो। आश्विन से सभी प्रकार के यानों की दुर्घटनाओं से भय हो।

सन् १९६३ के फरवरी मार्च में कई प्रदेशों में भारीशीत से फल फसल तथा जीव जन्तुओं का नाश हो।

भारत की वर्षा वायु

इस वर्ष कई प्रदेशों में "सुभिक्षं वापि दुर्भिक्षं वृष्टयधीनं प्रजायते" कुछ ऋतु वैपरीत्य के लक्षण देखने में आयेंगे। वर्षा ऋतु में देश भेद से वर्षा का प्रारंभ तथा अंत होता है, वर्षा का हाल पहिले ही जान लेने से व्यापारी व कृषक वर्ग विशेष लाभ व संतोष प्राप्त करता है। इस वर्ष भारत की वर्षा का विचार ग्रहगत्यनुसार निम्न लिखित है, यदि इस विचार के साथ अर्क मार्तण्ड ग्रन्थोक्त ज्येष्ठ की अमावस्या का सूर्यास्त विचार एवं स्व स्व देशीय आषाढ़ी पूर्णमासी की वायु का विचार कर लिया जावे तो शत-प्रतिशत ठीक सही तौर पर अपने अपने देश की वर्षा का हाल जाना जा सकता है।

इस वर्ष भारत में १७ मई तक ग्रीष्म ऋतु का ताप मान बढ़ेगा। बाद में भारत के किसी न किसी प्रदेश में वर्षा का प्रारंभ हो जायेगा। २८ जून के बाद भारत में कई जगह वर्षा होकर शांति करेगी। तदनन्तर १९ जुलाई तक वर्षा में कहीं कहीं रुकावट होगी, जिससे वहां के कृषक वर्ग को कुछ चिन्ता व्यापेगी, तदनन्तर २० जुलाई से १५ अगस्त तक वर्षा बहुत जगह अच्छी होगी, नदी नाले उछलेंगे, कहीं जल भय होगा, और इसी समय में कई प्रदेशों में वर्षा की रुकावट भी होगी बाद में फिर श्राद्धों में वर्षा अच्छी होगी, नवरात्रों में कहीं कहीं खंड वृष्टि होकर वर्षा ऋतु बिदा हो जावेगी, इस वर्ष भारत में कहीं कहीं टिड्डी फसल की हानि करने वाले कीड़े आदि का भय होगा।

हमने अपने विक्रमी संवत् २०१८ के श्री मार्तण्ड पंचांग में माघ कृष्ण ३० की अष्टग्रही (जो कि सायन व निरयण दोनों मानों से बनी है) के भयंकर फल का सप्रमाण उल्लेख किया था, जो सबको विदित ही है, वह संवत् २०१९ का पंचांग, क्योंकि अष्टग्रही

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

से ४ मास पूर्व ही प्रकाशित हो रहा है, एतदर्थ इस अष्टग्रही के विषय में कुछ और प्रकाश डालने की इच्छा से निम्नलिखित पंक्तियें लिख रहा हूँ।

पाठको! गत शताब्दियों में जो भी सप्तग्रही गोल-योग वि० सं० १९५६ आदि में बने थे। उस समय में कहीं चन्द्र कहीं शनि कहीं गुरु पृथक रहे हैं, और उपग्रह राहु या केतु ने ही उस समय अन्य ६ ग्रहों से मिलकर सप्तग्रही योग बनाया था। परन्तु वि० सं० २०१८ तथा चिरगत वि० सं० १२४३ को अष्टग्रही व सप्तग्रही में ऐसी बात नहीं। पूर्व प्रकाशित वि० सं० २०१८ के पंचांग में हमने स्थूलमान से बारहवीं शताब्दी ईस्वी की अष्टग्रही का राहु के साथ बनने का जिकर किया था। परन्तु अब मेरे छोटे सुपुत्र चिरंजीव शक्तिधर की गणित से ज्ञात हुआ कि वह अष्टग्रही सायनमान से राहु के साथ नहीं बल्कि केतु के साथही हुई थी।

देखिये—— विक्रमी संवत् १२४३ (ईस्वी सन् ११८६) आश्विन कृष्ण ३० तात्कालिक सूक्ष्म अयनांश १२°।५०

उज्जयिनी मध्यमार्कोदय कालिक निरयण स्पष्ट ग्रह सं० १२४३ आश्विन कृ० ३०

	सू.	चं	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
रा.	५	५	५	५	५	५	५	०	६
अं.	५	१८	२५	२५	१८	२८	२२	२	२
के.	५	१७	५१	४३	१२	५२	४६	१८	१८



यहां निरयण मान से सप्त ग्रही बनी थी। परन्तु इस निरयण सप्त ग्रही में २ दिन बाद ही आश्विन शुक्ल द्वितीया को सायन अष्टग्रही योग बना था। जैसे नीचे स्पष्ट है।

उज्जयिनी मध्य मार्कोदये कालिक सायन स्पष्ट ग्रह सं० १२४३ आश्विन शु. २ कं.

	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु	श.	रा.	के.
रा.	६	६	६	६	६	६	६	०	६
अं.	०	२८	१०	१३	१	१४	५	१५	१५
क.	४५	१९	६	१५	३९	१०	५०	२	२



ध्यान रहे कि——यहां सायनमान से केतु ने अष्टग्रही बनाई थी जिसके बाद इतिहास से पता चलता है कि इस सप्तग्रही तथा सायन अष्टग्रही के फल स्वरूप भारत पर मुसलमानों के आक्रमणों में [illegible]

सप्तग्रही वा अष्टग्रही योग तो करीब सवा दो दिन ही रहता है, परन्तु इस कुयोग का फल योग के कुछ मास पूर्व और पश्चात् चिरकाल तक होता रहता है। अष्टग्रही के बाद राष्ट्रों की शासन पद्धति में तथा विश्व में भारी परिवर्तन हुआ करते हैं। इस योग का कुफल हमने संवत् २०१८ के पंचांग में विशेष रूप से लिख दिया था। पुनः पिष्ट पेषण की जरुरत नहीं है।

इस अष्टग्रही के समय अर्थात ईसवी १९६२ की ३ फरवरी से ५ फरवरी तक तथा बाद में कुंभ के मंगल, गुरु, शुक्र के सम्बन्ध से ३ मार्च से ३१ दिन तक विश्व में और भय प्रद स्थिति रहेगी। भारत में यज्ञानुष्ठान कीर्तन तथा श्री महाकाली माता के रात्रि जागरणादि करने से कल्याण रहेगा, इसमें सन्देह नहीं।

हमारे विचार में ग्रहगति को देखते हुए ईस्वी सन् १९७१ के बाद विश्व का कोई भी देश महाशक्तियों की गणना के योग्य नहीं रहेगा। उस शिवशक्ति की इच्छा से कोई ऐसा कारण बनेगा कि विश्व की सभी बड़ी शक्तियें क्षीण हो जायेंगी। तदनन्तर आगे पांच सौ वर्ष तक कोई भी शक्ति किसी देशपर प्रभुत्व व प्रभाव न रख सकेगी।

विज्ञ महोदयो! इस वर्ष घटित होने वाली राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय संसार से सम्बन्धित घटनाओं का ज्योतिर्विज्ञान दृष्ट्या और श्री प्रभु कृपा वशात्, जो शुभाशुभ दीख पड़ा है वह मैंने अपनी तुच्छ बुद्धि के अनुसार यहां उल्लेख कर दिया है आगे "कर्तुमकर्तुमन्यथा कर्तुंसमर्थः" भविष्य के निर्माता सर्वेश्वर श्री प्रभु ही हैं। उनकी प्रबल मायाशक्ति के सम्मुख अस्मदादि अल्पज्ञ व्यक्ति भविष्य लेखन का क्या क्षमता रख सकता है। "तत्त्वं चात्रेश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन,"

अन्त में:——

अनहोनी प्रभु कर सके होन हार मिट जाय।
ऐसे दीनानाथ से काहू की न बसाय॥

श्री मार्तण्ड भवन
कुराली
भाद्र शु० ५ भृगुवार
(सं० २०१८)

विनीत
श्री बघाट नरेशाश्रित
मुकुन्दवल्लभ

नोट——

आगामी सं० २०२० में १४० वर्षों के बाद क्षय मास आ रहा है। जिसका विशेष फलादि वहीं लिखेंगे।

शनैश्चर की लघुकल्याणी बृहत्कल्याणी (ढैया, साढसाती) का विचार

बृहत्कल्याणी (साढेसाती) साढे सात वर्ष की होती है, जो जन्मराशि से बारहवीं राशि में शनि के आने पर २॥ वर्ष तक सिरपर (चढ़ती), जन्मराशि में आने पर २॥ वर्ष हृदय पर एवं जन्मराशि से दूसरी राशि में आने पर पैरों पर (उतरती) मानी जाती है।

लघुकल्याणी (ढैया) अढाई वर्ष की होती है, जो जन्म राशि से चौथी एवं आठवीं राशि में शनि के आने पर मानी जाती है।

जिसकी जन्म कुण्डली में शनैश्चर का शुभ ग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा [illegible] शनि की साढेसाती व ढैया का अशुभ फल कम होता है। यदि चन्द्र शनि [illegible]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

तिहास से पता चलता है कि इस सप्तग्रही तथा सायम शनिग्रह के कारण रखने मात्र पर मुसलमानों के आक्रमणों में भयंकर का संकट उपस्थित कर राज्य आदि उलटाने इस के बनता है। शान्त्यर्थ इष्टदेव के मन्त्र का संकल्प कर राज्य आदि उलटाने इस के को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए। महावीर जी पर सिन्दूर तेल चढ़ाना भी अच्छा है।

शनि—सं० २०१८ आश्विन शुक्ल द्वितीया बुधवार को १६ घ० १० पल पर पुनः मकर में आकर इस २०१९ पूरे भवत् में इसी राशि पर रहेगा उस दिन चन्द्रमा तुला राशि का होने के कारण किस राशि को किस पाए पर कैसा शुभाशुभ है वह नीचे लिखा है—

मिथुन—ढैया (लघुकल्याणी) चांदी के पाए कुछ शुभ है।

तुला—ढैया सुवर्ण के पाए हानि प्रद है।

धनु—साढसती रोंपर उतरती सुवर्ण के पाए हानिप्रद है।

मकर—साढसती हृदय पर तांबे के पाए कुछ शुभ है।

कुम्भ—साढसती सिरपर चांदी के पाए कुछ शुभ है।

सूचना—इस वर्ष मेष, वृष, कर्क, सिंह कन्या, वृश्चिक तथा मीन राशि वालों को शनि का ढैया साढसती नहीं है।

मन्त्रों का अद्भुत चमत्कार

मननात्त्रायते यस्मात्तस्मान्मन्त्रः प्रकीर्तितः। जपात्सिद्धिर्जपात्सिद्धिर्जपात्सिद्धिर्न संशयः॥

मंत्र ऐसे दिव्यशब्दों का समूह होता है कि जिनके दृढ़ इच्छा शक्ति पूर्वक उच्चारण मात्र से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं, थोड़े शब्दों में इसी का नाम मंत्र है। इसमें शब्दों का ऐसा क्रम दिया जाता है कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारणमात्र से शून्य महाकाश में एक विचित्र कंपन (स्वर लहरी) उत्पन्न होता है। जिसमें रचना करने की तथा इच्छित वस्तु को आकर्षित करने की बड़ी प्रबल शक्ति होती है और वह मानसिक तथा भौतिक आकृति पर आश्चर्यजनक प्रभाव डालने के साथसाथ जिन कामों को हम असम्भव समझते हैं या वर्षों में भी नहीं कर सकते। उन्हें वह दिव्य-शक्ति चन्द मिनटों में पूर्ण कर सकती है।

मन्त्र शास्त्रज्ञों का कथन है कि वेद मन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तांत्रिक मन्त्रों को भगवान् शिव ने शक्तिमान बनाया। इसी तरह कलियुग में शिवावतार श्री शाबर नाथ जी ने शाबरमंत्रों को अद्भुत शक्ति प्रदान की है। मंत्र का पुरश्चरण करते हुए गुप्त रखे, प्रकट करने से उस किये हुए पुरश्चरण का प्रभाव कम वा नहीं बराबर रह जाता है। ऐसी गलती होने पर पुनः गुप्त रीति से पुरश्चरण करें अत्युत्कट प्रभाव होगा।

शाबरी मंत्रों के चमत्कार—कलियुगी क्षुद्रजीवों के उपकारार्थ श्री शाबरनाथजी ने शाबरीमन्त्रों का निर्माण किया है। शाबरी मंत्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है जिसके प्रायः कोई अर्थ नहीं होते परन्तु श्री शंकर जी के प्रताप से वह असर से खाली नहीं है श्री गो० तुलसीदासजी ने इस विषय में क्या ही अच्छा कहा है—

अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेश प्रतापू॥

नोट—स्मरण रहे इन मंत्रों को जैसा लिखा व बतलाया गया हो वैसा ही जपना और बोलना चाहिये। अपनी बुद्धि के घोड़े दौड़ा कर किसी शब्द वा अक्षर को न्यूनाधिक न करें।

दाद कनेड़ू नहरुवा और कछराली का मन्त्र—

"दाद कनेड़ू नहरवा कछराली पकलूट दोहै शाह फ़कीर की पाँचौ भस्माभूत।"

है। यदि चन्द्र शनि जन्म में अथवा गोचर में [illegible] शनि की साढसाती व ढैया का अशुभ फल कम होता

के नीचे का फोड़ा) या कछराली (कोख के फोड़े) आदि का कष्ट दूर करना हो तो उपले की शुद्ध राख पर ३ बार मंत्र पढ़ कर राख लगावें दिन में २ बार। तीन दिन में कष्ट बिल्कुल दूर होवे।

कल्याणमार्ग दर्शक मंत्रः—"ॐ कार्पण्य दोषोपहतस्वभावः पृच्छामि त्वां धर्मसंमूढ़चेताः। यच्छ्रेयः स्यान्निश्चितं ब्रूहितन्मे शिष्यस्तेऽहं शाधि मां त्वां प्रपन्नम्॥"

किसी कार्यारम्भ की असमंजसता में किंकर्तव्य विमूढ़ होने पर रात्रि को शुद्ध मन एवं अत्यन्त भक्तिभाव और तार स्वर से १०८ बार या ११ बार उपरिलिखित गीतोक्त मंत्र को पढ़कर एकान्त में शुद्धासन पर शयन करे। प्रातः जागने पर जो आपके लिये कल्याणप्रद मार्ग होगा, वही मन में आवेगा उसी के अनुसार का करना उचित है। यदि कोई सत्पुरुष इस मंत्र को ग्रहण या दिवाली में जप करके फिर उपयोग में लावेगा तो उसे अचूक सफलता मिलेगी।

गर्भ रक्षा यन्त्र

२४२	२४१	२४०	२३९
२३८	२३७	२३६	२३५
२३४	२३३	२३२	२३१
श्रीं	ह्रीं	ल	छि

जिस स्त्री का गर्भपात होता हो उसकी कमर में उपरोक्त यंत्र अनार की कलम अष्टगन्ध या रक्तचन्दन से लिखकर तांबे धूपादि से सुपूजित कर रविवार के दिन बांधे और साथ ही रविवार को पुष्य नक्षत्र में काले धतूरे की लाई हुई जड़ को भी कुमारी छोटी कन्या के हाथ के काते सूत से कमर में बांध दें तो निश्चय ही गर्भ न गिरे ९ मास बाद उपरोक्त यंत्र और धतूरे की जड़ को कमर से खोलकर जल में प्रवाह दें। काम लेने से पहले उपरोक्त यंत्र को भी दिवाली और ग्रहण में अष्टगंध से लिख कर सिद्ध करलें।

घर में लक्ष्मी स्थिर रखने का मंत्र—ओ३म् ह्रीं क्लीं महालक्ष्म्यै नमः।

यदि किसी मनुष्य के पास अच्छा लाभ होते हुए भी धन संचय न होता हो पैसा साथ ही साथ खर्च होता चला जाता हो तो उसे चाहिये कि शुभ मुहूर्त में स्नानादि से शुद्ध होकर एकान्त स्थल में वटवृक्ष पर बैठकर उपरोक्त मंत्र का जप करे तो घर में लक्ष्मी स्थिर हो जावे इसमें संशय नहीं। जप १ लाख करना, अन्त में हवनादिक भी विधि पूर्वक करे।

सट्टा लाटरी जीतने का विजय यंत्र

६०	६७	२	७
६	३	६४	६३
६६	६१	८	१
४	५	६२	६५

विधि—इस यंत्र को अनार की कलम और लालचन्दन से ग्रहण या दिवाली की रात में लिखना प्रारम्भ करे जब तक ३१ हजार पूरा न हो तब तक ब्रह्मचर्य से रहे किसी के घर भोजन भी न करे, यंत्रों को श्री लक्ष्मीजी का ध्यान करके चलते जल में प्रवाहित करके कन्या और बालकों को मिष्टान्न भोजन करावे। तदनन्तर यह यंत्र शुक्ल पक्ष स्वाति नक्षत्र में अनार की नई कलम से भोजपत्र पर पवित्र होकर लालचन्दन द्वारा लिखे और अष्ट धातु के तावीज में रखकर दक्षि भुजा में बांधे तो लाटरी सट्टा आदि में लाभ होगा।

नोट—इस धारण किये हुए यंत्र को कभी भूमि पर न रखें और न इसे अपवित्र होने दें। प्रायः दैनिक गंधपुष्पधूपादि से पूजन अवश्य कर लिया करें।

नजर झाड़ने का मन्त्र

मन्त्र—"ओं नमो सत्यनाम आदेश गुरु को-ओं नमो नजर जहाँ पर पीर न जानी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ले छल सों अमृतवानी कही नजर कहां ते आई, यहां की ठोर तोहि कौन बताई, न को जात तेरो, कहां ठाम, किसकी बेटी, कहां तेरो नाम, कहां से उड़ी, कहां जाय, अब ही बन कर ले, तेरी माया मेरी बात सुनो चितलाय, जसी होय सुनाऊं आय तेलन तमोलन चूहड़ो चमारी कायथनी खतरानी कुम्हारी महतरानी, राजा की रानी जाको दोष ताही के सिर पड़े जाहर पीर नजर से रक्षा करे मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा ।।"

जिसे नजर लगी हो उसे इस मन्त्र द्वारा मोर के पंख से छाड़ देने से नजर का दोष दूर हो।

सर्पविषनाशक गारुडास्त्र मन्त्र

ओ३म् सुपर्णोसि गरुत्मांस्त्रिवृत्ते शिरो गायत्रं चक्षुर्बृहद्रथन्तरे पक्षौ। स्तोम आत्माच्छन्दां स्यङ्गानि यजूंषि नाम। साम ते तनूर्वामदेव्यं यज्ञा यज्ञियम्पुच्छन्धिष्ण्याऽशफा सुपर्णोसिग रुत्मान्दिवं गच्छ स्वः पत ओ३म्। विधि—यह यजुर्वेद का गारुड़ास्त्र मंत्र है इस मन्त्र को सूर्य ग्रहण के समय स्पर्श से मोक्ष तक किसी पवित्र नदी के किनारे कम्बल के आसन पर बैठकर सूर्याभिमुख होकर रुद्राक्ष की माला द्वारा जप करे। जप के समय गरुड़ के साथ श्री चतुर्भुजी नारायण का ध्यान करता रहे बस ग्रहण के अनन्तर मंत्र सिद्ध है। तदनन्तर रोजाना सन्ध्या पूजा के समय इस मन्त्र को सात बार जप लिया करे फिर जब किसी को सर्प काटे तो नीम की लकड़ी या पुठकंडा (अपामार्ग) की जड़ से शनैः शनैः झाड़े विष दूर होगा।

बच्चे के पसली (डिब्बा) रोग का मन्त्र

डिब्बा रोग से सैंकड़ों बच्चे अकाल काल के ग्रास बनते हैं। इस रोग के लिये यह मन्त्र अद्भुत प्रभाव रखता है।

समुद्र किनारे सुरागाय, सुरागाय के पेट में बच्चा, बच्चे के पेट में डिब्बा। डिब्बा काटे सरकंडा बड़े दुहाई लूनिया चमारी को छूत ।। **विधि**—एक सरकंडा १४ अंगुल जिसमें जड़ भी हो, जड़ की ओर से मन्त्र पढ़कर छू कहते हुए फूक मारकर ३ बार नापो, सरकंडा बढ़ जावेगा, बढ़े भाग को काट दो, यह किया दिन में तीन बार करो जब तक रोग रहे उतने दिन करो बच्चा इस भयानक रोग से बच जावेगा, ग्रहण में जप करके पहिले सिद्ध कर ले।

आधे सिरदर्द का मन्त्र—आधे सिर दर्द बड़ा ही भयानक है। निम्नलिखित मन्त्र से दर्द दूर हो जावेगा और वह आपका कृतज्ञ रहेगा।

मन्त्र यह है— ॐ बन में फिरे अंजनी कच्चे फल खाय, हांक मारूं हनुमन्त की "अमुक" का आधा सीसी जाय, फुरो मन्त्र ईश्वर बिचे मेरे गुरु का शब्द सांचा ।। **विधि**—सारे मस्तक पर अगूंठा अंगुली से बीच की खाल खींचे विभूति लगावे और मन्त्र पढ़ता जावे ७ बार।

पहले दिवाली को जप करके सिद्ध कर लेवे।

यंत्र आधे सिर का इस यंत्र को ग्रहण में लिख कर चलते जल में गेर कर सिद्ध करले पीछे अनार की कलम स्याही से लिखकर धूप दे सिर में बांधे तो आधा शिर दर्द दूर हो। बच्चों को मिठाई देवे।

५३	४२
३११	७०

दांतदाढ़ के दर्द का अद्भुत मन्त्र—जिस मनुष्य की दांत या दाढ़ में दर्द होता है उसे दिन रात चैन नहीं पड़ता बहुत से मनुष्य दांत या दाढ़ को निकलवा देते हैं। यह मन्त्र दर्द को शीघ्र दूर करके रोगी को सुख की नींद सुला देता है।

मन्त्र—डांक कीलें डिक वाली कीलें सात तरह की दाढ़ कील और कील ... लोहे की कील से झाड़ कर उस कील को जमीन में गाड़ दे या दबा दे।

सूचना—इस मन्त्र को भी दिवाली या ग्रहण में जप लेवे तो चलेगा।

यंत्र गौ भैंस दूध देवे।

२८	३५	२	७
६	३	३२	३१
३४	२९	८	१
४	५	३०	१३

विधि—इस यंत्र को दिवाली की रात को लिख लिखकर धूप देता रहे पीछे जल में प्रवाह दे उसके बाद जब किसी की गौ या भैंस दुग्ध न देवे और ना ही बच्छा लगावे तो इस यंत्र को शुद्ध केशर अनार की कलम से भोजपत्र पर लिखकर गौ हो तो गले में और भैंस हो तो दायें सींग में गुग्गल की धूप देकर बांधे तो गौ भैंस खूब दूध देने लगेगी।

शीतला का मंत्र

ॐ अस्य श्री शीतलामन्त्रस्य उपमन्यु ऋषिः बृहतीछन्दः श्री शीतला देवता विस्फोटकशान्त्यर्थे जपे विनियोगः ।।

ऋष्यादिन्यासः—ॐ उपमन्यु ऋषये नमः शिरसि। ॐ बृहती छन्दसे नमो मुखे। ओ३म श्री शीतलादेवतायै नमो हृदि। ओ३म् विस्फोटकशान्त्यर्थे जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे। मूलेन करौ प्रमृज्य ।। करषडङ्गन्यासौ ।। ओ३म् ह्रां श्रां अङ्गुष्ठाभ्यां (हृदयाय) नमः। ओ३म् ह्रीं श्री तर्जनीभ्यां (शिर से) स्वाहा। ओ३म् ह्रूं श्रूं मध्यामाभ्यां (शिखायै) वषट्। ओ३म् ह्रैं श्रैं अनामिकाभ्यां (कवचाय) हुम्। ओ३म् ह्रौं श्रौं कनिष्ठिकाभ्यां (नेत्रयाय) वौषट्। ओ३म् ह्रः श्रः करतल करपृष्ठाभ्यां (अस्त्राय फट्) ।। ब्रैकट् का हृदयादि न्यास करन्यास से पीछे करे।

ध्यानम्—

दिग्वास सम्मार्जनिकाञ्च सूर्पं करद्वये संदधतीं घनाभाम्। श्रीशीतलां सर्वरुजार्तिनाशांरक्ताङ्गरागस्रजमर्चयामि ।।१।। इति ध्यात्वा मानसोपचारैः संपूज्य १२५००० सपादलक्षं जपेत् दशांश पायसेन जहुयात्। मंत्र—ओ३म् ह्रीं श्रीं शीतलायै नमः ।।

सवा लक्ष प्रयोग कर के बाद नाभिमात्र जल में खड़ा होकर १ सहस्र मन्त्र से जल अभिमन्त्रित कर बुहारी से शीतला के फफोलों पर मार्जन करने से तत्काल आराम होगा।। अनुभूत है।

मंत्र, वर प्राप्ति के लिए—

यदि किसी वर योग्य कन्या को पिता के प्रयत्न करने पर भी वर न मिलता हो तो, शीघ्र सुन्दर वर लाभार्थ निम्नलिखित मंत्र अनुष्ठान कन्या स्वयं करे तो जल्दी ही सुयोग्य वर की प्राप्ति होती है। मंत्र यह है—

कात्यायनि महामाये महायोगिन्य धीश्वरि।
नंद-गोप सुते देवि, पतिं मे कुरुते नमः।।

विधि—स्नानोत्तर पवित्र वस्त्र धारण कर प्रातः सायं दोनों समय धूप ज्योति जगाकर जप करे। प्रत्येक बैठक में कम से कम तीन माला फेरनी चाहिए। अर्थात ६माला एक दिन में। मालाओं का हिसाब अवश्य रखना चाहिए। जब एक लाख जप हो जाय तब किसी शुक्रवार ... शुभ दिवस में माता श्री पार्वती का पूजन कर कन्या ... को भोजन कराना चाहिये।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

तीसरी पंचवर्षीय योजना

(१९६१-६६)

तीसरी पंचवर्षीय योजना, आत्मनिर्भर तथा आत्म-चालित अर्थ-व्यवस्था की दिशा में और अधिक तीव्र विकास की दशाब्दी का प्रथम चरण है। तीसरी योजना के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं :—

१—राष्ट्रीय आय में ५ प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि करना;

२—खाद्यानों के सम्बन्ध में देश को स्वावलम्बी बनाना और कृषि की उपज इतनी बढ़ाना ताकि उससे उद्योग और निर्यात दोनों ही की आवश्यकताएं पूरी हो सकें;

३—इस्पात, ईंधन और बिजली सरीखे बुनियादी उद्योगों का विस्तार करना और यन्त्र सामग्री बनाने की क्षमता इतनी बढ़ाना ताकि दस वर्षों के अन्दर भावी उद्योगीकरण की समस्त आवश्यकताएं स्वदेशी साधनों से ही पूरी हो सकें;

४—देश की जन-शक्ति का यथासम्भव पूरा-पूरा उपयोग करना और रोजगार के अवसरों में पर्याप्त वृद्धि करना; तथा

५—अवसरों की क्रमशः अधिकाधिक समता प्रदान करना, आय और धन की विषमता में कमी करना और आर्थिक शक्ति का अधिक सामान वितरण करना।

तीसरी योजना में सम्मिलित भौतिक कार्य-क्रमों का सरकारी क्षेत्र में कुल व्यय ८,००० करोड़ रुपये से अधिक और निजी क्षेत्र में ४१०० करोड़ से अधिक का होगा।

साधनों के वर्तमान अनुमान के आधार पर सरकारी क्षेत्र के लिए ७,५०० करोड़ रुपये के खर्च की वित्तीय व्यवस्था रखी गई है। मुख्य-मुख्य कार्यों के लिए व्यय का वितरण इस प्रकार है :—

क्षेत्र	व्यय (करोड़ रुपयों में)	कुल का प्रतिशत
कृषि और सामुदायिक विकास	१०६८	१४
सिंचाई और बिजली	१६६२	२२
ग्राम्य और लघु उद्योग	२६४	४
उद्योग, खनिज, परिवहन और संचार	३००६	४०
समाज सेवाएं और विविध	१३००	१७
रिजर्व	२००	३
योग	७,५००	१००

खाद्यानों के उत्पादन में ३२ प्रतिशत वृद्धि होने की सम्भावना है। यानी १९६०-६१ के ७६० लाख टन से बढ़ कर १९६५-६६ में १० करोड़ टन हो जायेगा। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए २०० लाख एकड़ भूमि में सिंचाई की सुविधाएं बढ़ायी जायेंगी ताकि कुल सिंचित क्षेत्र ९०० लाख एकड़ तक पहुंच जायेगा। खाद्य उत्पादन बढ़ाने के अन्य उपायों के साथ ही रासायनिक उर्वरकों तथा खादों का अधिकाधिक प्रयोग करने और खेती के नये ढंग अपनाने को प्रोत्साहन दिया जायेगा। ग्रामीण विकास के ढांचे में सेवा सहकारी समितियों को इस तरह गठित किया जायेगा कि वे ग्राम समुदाय की प्रमुख प्राथमिक इकाई के आधार के रूप में काम कर सकें।

तीसरी योजना में सम्मिलित प्रमुख औद्योगिक योजनाएं धातुकर्म, औद्योगिक मशीनरी, मशीनी औजार, उर्वरक, बुनियादी रसायन, आवश्यक दवाइयां और पैट्रोलियम शोधन के क्षेत्रों की हैं। तैयार इस्पात का उत्पादन १९६०-६१ के २२ लाख टन से बढ़ कर १९६५-६६ तक ६८ लाख टन तक पहुंच जाने की सम्भावना है।

१९६५-६६ में बिजली की संस्थापित क्षमता को १२७ लाख किलोवाट बढ़ा दिया जायेगा जबकि दूसरी योजना के अंत तक यह क्षमता ५७ लाख किलोवाट की है। परिवहन और संचार के विकास के सम्बन्ध में भी काफी महत्वपूर्ण कार्यक्रम तीसरी योजना में शामिल किया गया है।

तीसरी योजना के अंतर्गत सभी स्तर की शिक्षण सुविधाएँ बढ़ाने का इरादा है। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष बात यह होगी कि ६ से ११ वर्ष के आयु समूह के बालकों के लिए मुफ्त और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा तथा बड़े पैमाने पर छात्रवृत्तियां देने की योजना शुरू की जायगी।

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में तीसरी योजना का उद्देश्य आस-पास के क्षेत्रों की सफाई को और अधिक व्यवस्थित करना, संचारी रोगों की रोक-थाम, सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं, परिवार नियोजन के क्षेत्र में और अधिक काम करना, चिकित्सा और स्वास्थ्य सम्बन्धी कर्मचारियों को प्रशिक्षण, ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ जल की व्यवस्था आदि कार्यक्रमों को और अधिक बढ़ाना है।

तीसरी पंचवर्षीय योजना में जो कार्यक्रम सम्मिलित किये गये हैं, आशा है कि उनसे देश में बढ़ने वाली संख्या के सभी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

योजना के लिए छोटी बचतें

हमारी पंचवर्षीय योजनाओं के अन्तर्गत जो देश में विभिन्न परियोजनाएं और कार्य चल रहे हैं उन्हें पूरा करने के लिए बहुत बड़ी रकम की जरूरत है। इसके लिए यह आवश्यक है कि राष्ट्र अधिक से अधिक बचत करे। अल्प-बचत योजना, छोटी-बड़ी सभी प्रकार की रकमों को लाभदायक और आकर्षक मदों में लगाने का सर्वश्रेष्ठ अवसर प्रदान करती है।

(१) **१२-वर्षीय राष्ट्रीय योजना बचत पत्र**

ये बचत पत्र ५, १०, ५०, १००, ५०० और १००० रुपये के मिलते हैं। खरीदने के १२ वर्ष बाद बीतने पर इसका मूल्य क्रमशः ८, २५, १६.५०, ८२.५०, १६५, ८२५ और १६५० रुपये हो जाता है।

(२) **१०-वर्षीय राजकोष बचत जमा पत्र (ट्रेजरी सेविंग्स डिपाजिट सर्टिफिकेट)**

इन बचत-पत्रों पर ४ प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज मिलता है तथा यह ५० रू० और ५० ० की गुणक राशि के २५,००० रुपये तक मिल सकते हैं।

(३) **बढ़नेवाली सावधिक-जमा योजना**

इसमें यदि आप ५, १०, २०, ५० या १०० रुपये मासिक जमा करवाते रहें तो ५ या १० वर्ष की निश्चित अवधि पूरी होने के बाद आपको आकर्षक ब्याज सहित रकम वापिस मिल जाती है।

(४) **डाकघर बचत बैंक खाता**

१०,००० रुपये तक के बैलेंस पर २॥ प्रतिशत और १०,००० रुपये से अधिक के बैलेंस पर २ प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज मिलता है। संयुक्त खाते में उपवर्णित रकमों की दुगुनी राशि तक यह ब्याज मिलता है।

(५) **भारत सरकार के इनामी बाण्ड—१९६५**

५ और १०० रुपये के ये बाण्ड रिजर्व बैंक के किसी दफ्तर, स्टेट बैंक, सरकारी खजाने या मुख्य और विभागीय उप-डाकघरों से प्राप्त किये जा सकते हैं। नामों की लाटरी हर तिमाही निकाली जाती है और इनाम में मिली राशि पर आयकर नहीं लगता। १ मार्च, १९६५ के बाद इन बाण्डों की रकम सम मूल्य पर वापस मिल जायेगी।

तरल पदार्थ मापने के मैट्रिक पैमाने

देश में माप-तौल की एक समान सरल व प्रामाणिक प्रणाली लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। परिवर्त्तन के प्रथम चरण में ट्रिक बाटों का प्रयोग शुरू किया है। देश के कुछ निर्धारित क्षेत्रों में मैट्रिक बाटों का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। और बाकी क्षेत्रों में भी पुराने बाटों के स्थान पर न बाट प्रयोग में लाने के लिए २ वर्ष की अंतरिम अवधि रखी गयी है। यह अवधि मार्च, १९६२ में समाप्त हो जायेगी। इसके बाद जम्मू-कश्मीर को छोड़कर देश के सभी भागों में मैट्रिक बाटों का प्रयोग अनिवार्य हो जायेगा।

इसके दूसरे चरण में तरल पदार्थ मापने के मैट्रिक पैमानों का प्रयोग आरम्भ किया गया है। तेल उद्योग ने १ अप्रैल, १९६० से मैट्रिक पैमानों का प्रयोग शुरू कर दिया है। देश के कुछ चुने हुए क्षेत्रों में अप्रैल, १९६१ से तरल पदार्थ मापने के मैट्रिक पैमानों के प्रयोग की अनुमति दे दी गयी है और साथ ही एक वर्ष तक पुराने पैमानों का इस्तेमाल करने की भी रियायत दी गयी है।

तरल पदार्थ मापने के मैट्रिक पैमानों का प्रयोग धीरे-धीरे समस्त देश में लागू हो जायेगा। अप्रैल, १९६३ से तरल पदार्थ मापने के मैट्रिक पैमानों का ही प्रयोग कानूनी रूप से अनिवार्य होगा।

पैमानों के प्रकार

तरल पदार्थ मापने के मैट्रिक पैमाने ३ प्रकार के हैं। शंकु आकार वाले मैट्रिक पैमाने, डुबोकर मापने वाले माने, उड़ेल कर मापने वाले पैमाने। ऐसे पैमानों की बुनियादी इकाई लिटर है। उप इकाई मिलिलिटर है। तरल पदार्थ मापने के वास्तविक प्रयोग में आने वाले मैट्रिक पैमाने ये हैं:

	लिटर के पैमाने	मिलिलिटर के पैमाने
शंकु आकार के पैमाने	२०	५००
	१०	२००
	५	१००
	२	
	१	
उड़ेल कर मापने वाले पैमाने	२	५००
	१	२००
		१००
		५०
		२०
डुबा कर मापने वाले पैमाने	१	५००
		२००
		१००
		५०
		२०

१ लिटर= १,००० मिलिलिटर

नये पैमानों के लगभग पुराने पैमाने इस प्रकार हैं:

१ लिटर= ¾ गैलन (लगभग)

=१.१ सेर (")

मैट्रिक प्रणाली

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

आयुर्वेद के गौरव-ग्रन्थ

श्री गोविन्द दास विरचित—कविराज नरेन्द्रनाथ मित्र द्वारा संशोधित
और परिवर्धित—सरल हिन्दी अनुवाद सहित

भैषज्य रत्नावली

संशोधित—परिवर्धित सातवां संस्करण—बड़े साइज के आठ सौ पृष्ठ—
ग्लेज कागज—बढ़िया छपाई—मूल्य १२)

आयुर्वेद के दिग्गज विद्वान् और वीयूषपाणि चिकित्सक कविराज नरेन्द्रनाथ जी मित्र द्वारा संशोधित, परिवर्धित और गम्भीर विद्वान् श्री जयदेव जी विद्यालंकार द्वारा सरल हिन्दी में किये गये अनुवाद सहित 'भैषज्य रत्नावली' का पहला संस्करण हमने आज से बीस वर्ष पहले प्रकाशित किया था। गोविन्ददास जी ने अपने जीवन भर के अनुभव से सिद्ध योगों को इस रत्नहार में गूंथ दिया था, इसलिए चिकित्सा-जगत् में इसका आदर पहले ही हो गया था परन्तु ग्रन्थ की रचना सौ वर्ष पहले हुई थी। समय ने मनुष्यों के रहन-सहन आदि में आकाश-पाताल का अन्तर कर दिया था जिससे ग्रन्थ में दी गई औषधियों की मात्रायें अनुपयुक्त हो गई थीं। प्रवीण चिकित्सक तो इस त्रुटि को संभाल लेते थे परन्तु नवीन अभ्यास करने वाले चूक जाते थे। कविराजजी ने अपने विशाल अनुभव के बल पर काल और पात्र के अनुसार मात्रायें ठीक कर दीं तथा अपने अनेक सिद्ध योग सम्मिलित करके रत्नहार में कई लड़ियां बढ़ा दीं। विद्यालंकार जी के सुबोध अनुवाद ने ग्रन्थ को सर्वसाधारण के लिए भी परमोपयोगी बना दिया। यही कारण है कि जब हमारी 'भैषज्य-रत्नावली' प्रकाशित हुई तब चिकित्सा-जगत् आनन्दमग्न हो गया। इतने बड़े ग्रन्थ के संस्करण, भारी संख्या में छापने के बाद भी, हाथों-हाथ समाप्त होने लगे। चिकित्सा के मर्मज्ञ आयुर्वेदाचार्य पं० हरिदत्तजी ने बीच में अपने विशेष वचन जोड़कर ग्रन्थ की शोभा और भी बढ़ा दी।

वाग्दान—कुड़माई—सगाई से पहिले नीचे लिखी बातों का विचार कर लेना जरूरी है—सपिण्डता, ऋषिगोत्रशुद्धि, शील, सामुद्रिक, तथा ज्योतिष-शास्त्र में कहे हुए षडष्टकादि मेलापक सारिणी से विचार लेना, और कुण्डली मिलान के समय निम्नलिखित पांच महादोष भी यत्नपूर्वक वर्जित करने चाहिए—(१) दारिद्रय, (२) मृत्यु, (३) वैधव्य, (४) व्यभिचार, (५) सन्तान का अभाव।

वर वरण मुहूर्त—उ. ३, रो. कृ. पू. ३, रिक्ता अमावस्या को छोड़कर शुभ तिथि तथा शुभवार में चन्द्रबल देखकर शुभ लग्न में पुरोहित अथवा कन्या का भ्राता वर के घर पर उत्तर वा पश्चिमाभिमुख बैठकर पूर्वाभिमुख बैठे वर के मस्तक पर केशर चन्दनादि से तिलक लगाये। तदनन्तर वस्त्र यज्ञोपवीत तथा यथोचित द्रव्य से वर को सत्कृत करे और वर के मुख में एक छुवारा या मीठा, (गुड़,बतासा) देकर यह मन्त्र पढ़े "तस्मिन् कालेऽग्निसान्निध्ये स्नातः स्नाते ह्यरोगिणे। अभ्यंगेऽपतितेऽलीवे पिता तुभ्यं प्रदास्यति॥" यदि भ्राता से भिन्न पुरोहितादि वाग्दान करे तो "पिता तुभ्यं प्रदास्यति" के स्थान में "दाता तुभ्यं प्रदास्यति" कहे।

कन्यावरण मुहूर्त—उ. पा. स्वा. श्र. पुर्वा. ३, अन. ध. क. विवाहोक्त नक्षत्रों में शुभ [illegible]

विवाहकालनिर्णय—२० वर्ष पहले पुरुष का और ८ वर्ष से पहले तथा रजोदर्शन के पीछे कन्या का विवाह करने में दोष लगता है। अतः रजोदर्शन पूर्व (कुचों के प्रादुर्भाव से रजोदर्शन का अनुमान कर) ८ वर्ष से लेकर १६ वर्ष तक सर्वसम्मत श्रीपतिनिबन्धोक्त वर्षों में गुरुचंद्र शुद्धि देखकर विवाह कर देवे। तद्यथा "मासत्रया-दूर्ध्वमयुग्मवर्षे युग्मे तु मासत्रयमेव यावत्। विवाहशुद्धिं प्रवदन्ति सन्तो वात्स्यादयो गर्गवराहमुख्याः॥ द्विरागमन रजोधर्म होने पर करना योग्य है। यदि किसी योग्य वर के अन्वेषण में पिता के लगे रहने से देर हो जाने पर कन्या रजस्वला होने लगे तो माता पितादि को न कोई दोष लगता है और न प्रायश्चित्त कर्तव्य है। वसिष्ठः—दशवर्षव्यतिक्रांता कन्या शुद्धिविवर्जिता। तस्यास्तारेन्दुलग्नानां शुद्धौ पाणिग्रहो मतः॥

आजकल वर से कितनी कम उमर कन्या की हो—विवाह के समय पति की उमर को दो से भाग देवे जो आवे उसमें ६ जोड़ने से जो वर्ष आवे वह विवाह के समय पत्नी की उमर होनी चाहिए। यथा वर की उमर यदि ३० वर्ष की हो तो वधू की उमर २१ वर्ष की होनी चाहिए, यह सुखी विवाह का फार्मूला है।

विवाह के पहले कन्या का नाम बदलना—यदि कन्या और वर के नाम परस्पर मिलान में शुभ न हों तो आवश्यकता में कन्या का नाम बदला जा सकता है, वर का नहीं। कन्या का नाम रखने के लिए मेलापक सारिणी में वर के नक्षत्र के नीचे जहां दोषांक का अभाव हो या दोष थोड़ा समझकर ऋण (—) का चिह्न लिखा हो उसी खाने में ऊपर गुण संख्या भी १८ से अत्यधिक मिले उसी के बाईं ओर जो नक्षत्र लिखा हो उसी अक्षर के अनुसार—(आगे देखो पृष्ठ ९१ के शुरु में)

प्रयोगचक्रम्

सूर्य के नक्षत्र से प्रयोग प्रारम्भ नक्षत्र तक गणना करें।

स्थान नक्षत्र फलानि
शीर्षे ३ नार्थसिद्धिः
मुखे ३ सुमंत्रसिद्धिः
कंठे ३ मृत्युदायकः
हस्ते ४ शत्रुभीतिः
हृदि ४ इष्टाप्तिः
उदरे ३ धनहानिः
कटयां ३ साधनादर्थः
चरण ४ साधनाद्धितः

मंत्रदीक्षामुहूर्त—अधिकमासरहित वै. श्रा. आश्वि. का. मार्ग. मा. फा. इन मासों में, शुक्लपक्ष की २।३।५।७।१०।११।१३ तिथियों में तथा कृष्णपक्ष की २।३।५ तिथियों में, शुभवार में वृष. मि. सिंह. कं. तु. ध. मी. लग्न हों, लग्न से १।५।७।१० वें शुभग्रह हों, ३।६।११ वें पापग्रह हों तब मंत्रदीक्षा लेना उत्तम है।

विशेष—सत्तीर्थ पर, सूर्यचन्द्रग्रहण के समय तथा श्रावणीपर्व में मंत्रदीक्षा लेते समय मास तथा पञ्चांगशुद्धि का विचार नहीं करना चाहिए।

अनुष्ठानारम्भ मुहूर्त—वै. श्रा. आश्वि. का. मार्ग. मा. फा. २।६।७।१०।१३।१५ तिथि, (अथवा या तिथिर्यस्य देवस्य तस्यां वा) र. सो. गु. शु. अ. रो. मृ. पुन. पु. उ. ३. ह. स्वा. वि. अनु. ज्ये. श्र. ध. श. रे. (स्वस्वाभिनक्षत्रे वा) चन्द्रतारा अनुकूल होन पर गुरु शुक्र के उदय म शुभ लग्न से १२वां स्थान शुद्ध होने पर (विष्णुमन्त्रे स्थिरे शिवस्य चरे दुर्गायाः द्विस्वभावे लग्ने) प्रारम्भ करना श्रेष्ठ है।

[illegible] दिवाकरस्तालेराशजानतस्य शोभनः।
[illegible] आवश्यके पुष्करविपरिहारः—गार्ग्याङ्गिरोवसवशिष्ठगीतमपराशराद्या मुनयो वदन्ति।
द्वितीयपञ्चमनवमे दिवाकरस्तत्रोद्वाहात्परतः शुभावहाः॥ (मु० प्र० सा०)।

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

[illegible] बोलते हुए शीघ्रता से नाम बदल देते हैं जिसमें अनेक दोष रह जाते हैं। नाम बदलने का फल कुछ नहीं होता। एतदर्थ लग्न से पहले ही अच्छी तरह सारिणी आदि देखकर बदलना चाहिए।

अथ विवाहमासः—विवाहशुद्धौ-मीनार्कञ्च विना प्रोक्तमुत्तरायणमुत्तमम्। त्याज्यो-र्मे धनुषश्चान्ये मध्यमाः स्युः करग्रहे ॥ वर्षासु पाणिग्रहणं न केचित् केचिद वदन्तीत्यपरो शेषः। तस्मात्सदाचार इह प्रमाणं देशे तथा यत्र तथैव तत्र ॥१॥ केशवेन यदि नोररीकृतं वणादिषु च पाणिपीडनम्। तेन चोक्तमपरैरुदाहृतं तद्विकल्प इति मन्यते मया ॥२॥

अथ जन्ममासादिषु निषेधः—सबसे बड़े (जेठे) लड़के अथवा सबसे बड़ी लड़की (जेठी) जन्म मास, जन्म नक्षत्र अथवा जन्म तिथि में विवाह करना शुभ नहीं है। द्वितीयादि मोत्पन्न को दोष नहीं। अत्यावश्यके परिहारः —जातं दिनं दूषयते वसिष्ठः पञ्चैव गर्ग-त्रदिनं तथात्रिः। तज्जन्मपक्षं किल भार्गुरिश्च व्रते विवाहे गमने क्षुरे च ॥

यदि दो कार्यों की आवश्यकता हो तो—एक घर में दो शुभ काम करना मना है रन्तु अति आवश्यकता में ९ दिन का अन्तर देकर दो घरों में अलग २ मण्डप गाड़कर वर ोर जो पुरोहित पहिला कार्य करा चुका है, उसी से दूसरा कार्य न करावें, दूसरे आचार्य कराबे। इसी प्रकार जिस गृह में पहिला कार्य हुआ हो तो दूसरे कार्य में दूसरे घर में ण्डप गाड़ कर कार्य को करे।

अथ ज्येष्ठ विचार—ज्येष्ठ पुत्र व कन्या का ज्येष्ठ मास में विवाह करना अशुभ है। त्यावश्यकता में कृत्तिकासूर्य को छोड़कर दानादिपूर्वक करे।

षट्मास के भीतर दो विवाह आदि का निर्णय—दो सगी बहिनों का विवाह एक साथ या छः मास के अन्दर करे तो निस्सन्देह ३ वर्ष के अन्दर अशुभ फल हो। पुत्र के विवाह के पीछे षट् मास तक कन्या का विवाह न करे और कन्या वा पुत्र के पीछे छः मास तक यज्ञोपवीत न करे अर्थात् पहले करले और मंगल कार्य के पीछे अमंगल अर्थात् श्राद्धतिलतर्पण भी न करे और मुण्डन भी विवाह जनेऊ के पीछे न करे। वर्ष पलटने पर फिर भले ही शुभ कार्य करले। वहां छः मास का विचार नहीं है।

विवाहादि शुभ कार्यों में मरणाशौच—साहे चिट्ठी (कुंकुमपत्रिका) आने पर विवाह-दिन निश्चय हो जाने पर किसी की मृत्यु हो जावे तो माता के मरण से ६ मास, पिता के मरण से १ साल, स्त्री के मरण से ३ मास, भाई व पुत्र के मरण से १॥ मास, कुल वालों के मरण में २२॥ दिन तक कोई शुभ कार्य न करे। अति संकट में ३० दिन के बाद शांति करके अथवा विशेष शांति और गोदान करके अशौच के बाद करे।

विवाह के मुहूर्त प्रथम ही शुद्ध कर चुके हैं। उनमें से उत्तम मुहूर्त देखकर और उसी दिन वर की राशि से सूर्य चन्द्र देखिये और वधू की राशि से चन्द्र गुरु देखिये बस इसी को त्रिबलशुद्धि कहते हैं। यह त्रिबलशुद्धि जिस उत्तम विवाहलग्न के दिन मिले वही विवाह-दिन उत्तम है। यदि रवि, गुरु पूज्य हो तो मध्यम है यदि सूर्य गुरु नेष्ट हों तो विवाह नहीं बनेगा ऐसा कहना। इसी प्रकार कुमार के उपनयन में भी त्रिबल (गु० सू० चं०) शुद्धि प्रथम देखें। "अपचापकुलीरस्थो जीवोऽप्यशुभगोचरः। अतिशोभनतां दद्याद्विवाहोपनयनादिषु॥"

द्वितीयाऽऽकिमेते [illegible] शुभावहाः ॥ (मु० प्र० सा०)।

विवाहादौ त्रिबलशोधनम्

पूज्यगुरुः—१०।६।३।१
श्रेष्ठगुरुः—९।५।११।२।७
नेष्टगुरुः—४।८।१२
श्रेष्ठरविः—३।६।१०।११
पूज्यरविः—१।२।५।७।९
नेष्टरविः—४।८।१२
नेष्टचन्द्रः—४।८ पूज्यचन्द्रः—१२
श्रेष्ठचन्द्रः—१।२।३।५।६।७।९।१०।११

(ध. भो. कर्क राशि में हो तो नेष्ट गुरु भी श्रेष्ठ है।)

कन्यावरयोः तैलादिलापने (बन्न) दिनसंख्या

राशि	१।२।३।४।५।६।७।८।९।१०।११।१२
तैलादि ला.	७।५।१।९।५।७।७।९।५।९।५

अथ विवाहे तिथिवारनक्षत्राणि

रो. मृ. उत्तरा ३. भ. ह. स्वा. अनु. मू. रे. एतद्वेधरहितेषु शुभेऽह्नि अमाक्षयरहित-तिथिषु कात्यायनमते अश्वि. चि. श्र. धनि-ष्ठास्वपि शुभम् ॥

अथ विवाहाङ्गकृत्यारम्भमुहूर्त—वर कन्या की चन्द्रशुद्धि विचार कर विवाहदिन से पहले ३।६।९ इन दिनों को छोड़ कर विवाह के नक्षत्रों में चन्द्रशुद्धि वाली सौभाग्यवती स्त्री के प्रथमोद्योग से हल्दी हाथ, दलना, पीसना, कूटना, मंगलकलशादि स्थापन करना, घर लीपना, आंगन सफाई, भूषण गढ़ाना, वस्त्र सिलाना, वेदी रचना, चन्दोया बांधना, गणेशादि पूजन और नान्दीश्राद्ध मंगल स्नानादि सर्व कार्य का आरम्भ करना शुभ होता है।

विवाहमुहूर्त में दस दोषों का विचार

विवाह के मुहूर्त में लत्ता, पात, युति, वेध, जामित्र, पञ्चबाण, एकार्गल, उपग्रह, क्रांतिसाम्य और दग्धातिथि इन दस दोषों का विचार करना आवश्यक है। इन सब का विचार करके इस वर्ष के विवाहमुहूर्त लग्न दिये हुए हैं। इन दस दोषों में जो जिस मुहूर्त में हैं वे क्रमानुसार टेढ़ी रेखा से सूचित किये गये हैं। उक्त दसों दोषों का विचार इस प्रकार किया जाता है—

१ लत्तादोषज्ञानाय चक्रम्

ग्रहाः	सूर्य	पूर्णचन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु
लग्ननक्षत्र	१२	२२	३	७	६	५	८	९
दिशा	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम	दक्षिण	वाम
फलम्	धननाशः	भयम्	मृत्युः	भयम्	बन्धुनाशः	कार्यहानिः	कुलक्षयः	मरणं

यथा—सूर्य अश्विनी नक्षत्र पर हो और विवाह उ. फा. का हो, सूर्यस्थित अश्विनी नक्षत्र से गिना तो, उ. फा. १२ वां हुआ यह सूर्य की लत्तादोषयुक्त साहा हुआ; इसी प्रकार अन्य ग्रहों की लत्ता भी जानें।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

२ पातदोषज्ञानाय चक्रम्

रो.	मृ.	म.	उफा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उषा.	उभा.	रे.	विवाहित
०	मृ	अ	कृ	भ	कृ	अ	रो	भ	भ	अ	नक्षत्र
पुन	आ	म	आ	मृ	श्र	आ	ज्ये	पुन	श	ज्ये	
श	ज्ये	ज्ये	वि	श	ध	उषा	ध	श	वि	ध	
पू.फा.	ध	पुष्य	पू.भा	पूभा	पुष्य	पूभा	श्ले	वि	उ.फा	म	
चि	म	ह	०	स्वा	ह	पूषा	मू	ऽनु	०	पूफा	
मू.	ह	रे	पूभा	म	रे	पूफा	उभा	उषा	मू	स्वा	

हर्षण, वैधृति, साध्य, व्यतिपात, गंड और शूल योगों का अन्त जिस नक्षत्र में हो वह पात से दूषित होता है। इस नक्षत्र में विवाह करने से पात दोष होता है।

६ बाणज्ञानाय सुलभचक्रम्

बाण नाम	गतांशाः राशौ	प्रति अर्कस्य	५ कर्म वर्ज्याः	वार-समयपरत्वेन वर्ज्याः	वर्ज्याः
रोग	८।१७।२६	व्रतबन्ध	रवौ	रात्रौ	त्याज्यम्
वह्नि	२।११।२०।२९	गेहगोपे	भौमे	सदैव	वर्ज्यम्
नृप	४।१३।२२	नृपसेवायां	मन्दे	दिवा	त्याज्यम्
चौर	६।१५।२४	यात्रायां	भौमे	रात्रौ	वर्ज्यम्
मृत्यु	१।१०।१९।२८	विवाहे	बुधे	संध्ययोः	वर्ज्यम्

१० दग्धातिथिदोषः

९	२	४	६	५	१०	सूर्य
१२	११	१	३	८	७	राशयः

२	४	६	८	१०	१२	तिथयः

इन संक्रांतियों में ये तिथियां दग्धा होती हैं सो विवाह में वर्जनीय हैं।

३ युति

—जिस नक्षत्र का विवाह हो उसी नक्षत्र में यदि कोई ग्रह हो तो उस ग्रह की युति का दोष समझा जाता है। चन्द्र उच्च मित्र वा स्वक्षेत्री हो तो युति दोष नहीं होता किन्तु श्रेष्ठ है। सू. मं. शु. श. रा. के. की युति दारिद्र्य मृत्यु आदि भयप्रद मानी गई है। शुक्र की विशेष करके वर्जित है।

४ वेधदोषचक्रम्

रो.	मृ.	म.	उफा.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	उषा.	उभा.	रे.
अभि.	उषा.	श्रवण.	रे.	उभा.	श.	भ.	पुन.	म.	ह.	उफा.

ऊपर के नक्षत्र का विवाह हो और नीच के नक्षत्र पर ग्रह हो तो वेध दोष होता है। वह सर्वत्र अवश्य ही त्याग करना चाहिए।

७ एकार्गलदोष

व्याघात, गण्ड, व्यतिपात, विष्कम्भ शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगण्ड ये योग हों और सूर्य के नक्षत्र से विवाह का नक्षत्र अभिजित् सहित गिनने से विषम हो तो एकार्गल दोष होता है।

८ उपग्रह

सूर्य के नक्षत्र से ५वें ७वें ८वें १०वें १४वें १५वें १८वें १९वें २१वें २२वें २३वें २४वें और २५वें नक्षत्र पर चन्द्रमा हो तो उपग्रह दोष होता है।

५ जामित्रदोषचक्रम्

रो.	मृ.	म.	उ.	ह.	स्वा	ऽनु.	मू.	उ.	उ.	रे.	न.
अनु	ज्ये.	ध.	पू. भा.	उ. भा.	अ.	मृ.	मू.	पुन.	उ. फा.	ह.	प्र. न.

विवाह लग्न से सातवें ग्रह होने पर जामित्र दोष होता है। ऊपर वैवाहिक नक्षत्र हैं और नीचे ग्रह नक्षत्र हैं, याने १४वें नक्षत्र में पापी ग्रह का जामित्र दोष वर्जनीय

९ स्थूल क्रांतिसाम्यदोषचक्रम्

मे०	वृ०	मि०	क०	कं०	तु०
सिंह०	मि०	ध०	वृश्चि०	मी०	कुं०

नीचे या ऊपर की राशि पर सूर्य हो या चन्द्रमा हो तो स्थूल क्रांतिसाम्य दोष होता है यह सर्वत्र वर्जित है। जैसे मेष के सूर्य, सिंह के चन्द्रमा में वा सिंह

भुजंगं क्रान्तिसाम्यञ्च बाणवेधं तथैव च। लग्नहीनं विवाहन्तु कली पञ्च विवर्जयेत् ॥

लत्तादिदोषाणां परिहारवाक्यानि—लत्ता मालवके (उज्जैन प्रान्त) देशे पातश्च कुरु (कुरुक्षत्रे बांगर)-जांगले (फिरोजपुर भटिण्डा प्रान्त)। एकार्गलं च काश्मीरे वेधं सर्वत्र वर्जयेत् ॥ उपग्रहर्क्षे कुरुवाह्लिकेषु (आगरा प्रान्त अवधस्थान) कलिंगवंगेषु (जगन्नाथपुरी बंगाल अयोध्या) च पातितं भम्। सौराष्ट्र (काठियाबाड़) शाल्वे (उज्जैन प्रान्ते) च लत्ताभं त्यजेद् सिद्धं किल सर्वदेशे ॥ युतिदोषो भवेद् गौडे (बंगाले) जामित्रस्य च यामुने (मथुरादि प्रान्ते)। मासदग्धाश्च तिथयो मध्यदेशे विवर्जिताः ॥

विशेषपरिहार—चित्रां गते पातविचित्रदेशे मैत्रे मघा मालवके निषिद्धाः। पौष्णश्रुतिश्चोत्तरदेशजातः सर्वत्र वर्ज्यश्च भुजंगपातः ॥

युतिपरिहारः —स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो वा मित्रक्षेत्रगतो विधुः। युतिदोषाय न भवेद्दम्पत्योः श्रेयसे तदा ॥ अत्यावश्यके वेधपरिहारः—पादमेव शुभैर्विद्धमशुभैर्नैव कृत्स्नतः (नारदः) ॥ अतोंऽत्यपादमादिगो द्वितीयकस्तृतीयकम्। तृतीयको द्वितीयकं चतुर्थगस्तु चादिमम् ॥ भिनत्ति वेधकृद्ग्रहो न चान्यपादमादरात् (वशिष्ठः) ॥ अथ पापग्रहेण भुक्तभोग्यक्रान्तनक्षत्रस्य शुभेषु त्यागः—भुक्तं भोग्यं तथाक्रान्तं विद्धं पापग्रहेण च। शुभाशुभेषु कार्येषु वर्जनीयं प्रयत्नतः ॥ अस्यापवादः—ऋक्षाणि क्रूरविद्धानि क्रूरयुक्तादिकानि च। भुक्त्वा चन्द्रेण भुक्तानि शुभार्हाणि प्रचक्षते ॥ जामित्रपरिहारः—(व्यवहारसमुच्चये)—स्वोच्चे सौम्यालये चन्द्रे स्ववर्गे मित्रवर्गगे। हत्वा जामित्रकृद्दोषं करोति विपुलं सुखम् ॥ मूहूर्तचिन्तामणावपि—एकार्गलोपग्रहपातलत्ताजामित्रकर्तर्युदयास्तदोषाः। नश्यन्ति चन्द्रार्कबलोपपन्ना लग्ने यथार्काम्युदये तु दोषाः ॥

विवाहे लग्नशुद्धिचक्रम्

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	भावेषु
चं					चं.	सर्वे	चं म.				श.	
पाप	०	०	रा.	०	शु. लग्नेशः		शुभाः लग्नेशः	०	०	०		त्याज्याः

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

लग्नभंग योगाः—व्यये शनिः खेऽवनिजस्तृतीये भृगुस्तनौ चन्द्रबली न शस्तः। लग्नेद् कर्किणी च रिपौ मृतौगी लग्नेद् शुभाराश्चः मदे च सर्वे (अस्तेऽब्जागुरुसमौ) ॥ वर्गोत्तमं विनान्त्यांशो विवाहे न शुभप्रदः। वर्गोत्तमश्चेदन्त्यांशः पुत्रपौत्रादिवृद्धिदः ॥ दम्पत्योरष्टमं लग्नं त्वष्टमो राशिरेव च। यदा लग्नगतः सोऽपि दम्पत्योर्निधनप्रदः ॥ पंचवन्यादिलग्नानां गौडमालवयोरेव त्यागः, बादरायणः—माससून्याह्वयास्तारा राशयो वधिरादयः। गौडमालवयोस्त्याज्यास्त्वन्यदेशे न गर्हिताः ॥

कर्तरीदोषः—लग्नस्य पृष्ठाग्रगयोश्च साध्वोः सा कर्तरी स्याद्रजुवक्रगत्योः। तावेव शीघ्रौ यदि वक्रचारौ न कर्तरी चेति पितामहोक्तिः ॥ "इयं कर्तरी चन्द्रस्यापि द्रष्टव्या" केषाञ्चिल्लग्नदोषाणां परिहारः—पापौ कर्तरीकारकौ रिपुगृहनीचास्तगौ कर्तरीदोषौ नैव सितेऽरिनीचगृहगे तत्षष्ठदोषोऽपि न। भौमेऽस्ते रिपुनीचगे नहि भवेद् भौमोऽष्टमे दोषकृन्नीचे नीचनवांशके शशिनि रिःफाष्टारिदोषोऽपि न ॥

दोषापवादाः ज्योतिर्निबन्धे—दोषाश्च बहवः सन्ति गुणाः स्वल्पाः कलौ युगे। तथापि दोषा नश्यन्ति स्वापवादगणैः सह ॥ अपवादान्तरम्। उक्तानुक्ताश्च ये दोषास्तान्निहन्ति बली गुरुः। केन्द्रसंस्थः सितो वापि पन्नगान्गरुडो यथा ॥ मुहूर्तलग्नषड्वर्गकुनवांशग्रहोद्भवाः। ये दोषास्तान्निहन्त्येव यत्रैकादशगः शशी ॥ अब्दायनर्तुमासोत्थाः पक्षतिथ्यक्षसम्भवाः। ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसंस्थे शुभग्रहे ॥ लग्नाधिपो यदा केन्द्रलग्नादेकादशालये। सर्वग्रहकृतं रिष्टमेकोपि विलयं नयेत् ॥ बलवान् केन्द्रगः सौम्यो हन्ति दोषशतत्रयम्। द्यूनं विहाय दैत्येज्यः सहस्रं लक्षमंगिराः ॥ स्मरण रहे कि पूर्वोक्त अपवाद वाक्यों में सप्तम रहित केन्द्र (१।४।१०) ही ग्रहण करना।

विवाहे ग्रहाणां रेखाप्रदस्थानानि

र.	चं	मं	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.	ग्रहाः	मुहूर्तगणपती
३	२	३	१	१	१	३	३			
६	३	६	२	२	२	६	३	३		
८	११	११	३	३	४	८	८	८		लग्नं शुभं विवाहे स्याद्दशविशोपकाधिकम्।
११			४	४	५	११	११	११	स्थानानि	
			५	५	९					
			६	६	१०					
			९	९	११					
			१०	१०						
			११	११						
३॥	५	१॥	२	३	२	१॥	१॥	१॥		विशोपकाबलम्

अथ गोधूलिलग्नविचारः—लग्नशुद्धिर्यदा नास्ति कन्या यौवनशालिनी। तदा वै सर्ववर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम् ॥ लग्नं यदा नास्ति विशुद्धमन्यद् गोधूलिकं साधु तदा वदन्ति। [illegible] गोधूलिकं नैव फलं विधत्ते। । मार्ग. माघ, फाल्गुन संध्यासमय सूर्य गोलक समान दृष्टिगोचर होने पर चै. वै. में गौओं की धूली से आकाश आच्छादित होन पर ज्येष्ठ आषाढ़ में सूर्य आधा अस्त होने पर श्रा. भा. अश्वि. का. में सूर्य पूर्ण अस्त होने पर गोधूलि लग्न होता है।

गोधूलिके त्याज्यदोषः—कुलिकं क्रांतिसाम्यञ्च लग्ने षष्ठेऽष्टमे शशी। तदा गोधूलिके त्याज्यः पञ्चदोषस्तु दूषितः। "अस्तं याते गुरुदिवसे सौर साक" अर्थात् बृहस्पतिवार को सूर्य अस्त होने के पीछे (क्योंकि सूर्य अस्त में पहले वारवेला होगी) और शनिवार को सूर्य अस्त से पहले (क्योंकि सूर्य अस्त हो जाने में कुलिक मुहूर्त होगा) गोधूलि समझना।

संकीर्णचाण्डालादिजातीनां विवाहमुहूर्तः—कृष्णपक्षे भानु-भौमार्कजानां, वारे योगे चापि विष्ण्यं निषिद्धम्। संकीर्णानां दारकर्म प्रशस्तं प्रीत्यर्थायुःप्राप्तये शौनकाद्याः ॥

पुनर्विवाहे सूर्यभात् शुभाशुभज्ञानाय चक्रम्।

३ मृत्यु	३ धन	३ मरण	३ मृत्यु	३ पुत्र	३ दुर्भग	३ श्री	३ उन्नति	नक्षत्र फलम्

अन्यच्च—सूर्यभात् ४।११।१८।२५ संख्यकसाभिजिद्भेषु पुनर्विवाहे मृत्युः। अत्र तिथिमासवेधभृगुगुर्वस्तादिदोषोऽपि नावलोकनीयः।

वधू प्रवेश का मुहूर्त—जब वधू विवाह होने पर पति के घर पहले आती है वह वधूप्रवेश कहा जाता है। विवाह से १६ दिन के भीतर सम दिनों में अथवा ५, ७, ९वें दिन, इनके उपरान्त एक मास तक विषम दिनों में, एक वर्ष के भीतर विषम मास में और एक वर्ष के उपरान्त ३रे ५वें वर्ष में भी स्थिर लग्न में वधूप्रवेश शुभ है। वर्ष के उपरान्त जब चाहे तब शुभ मुहूर्त में हो सकता है। १६ दिन के भीतर पूर्वोक्त दिनों में तिथ्यादि पंचांगशुद्धि चन्द्रबल गुरुशुक्र के मूढ़त्व का भी विचार नहीं करना। व्यतिपाते क्षयतिथौ ग्रहणे वैधृतौ तथा। अमासंक्रांतितिथ्यादौ प्राप्तकालेऽपि तां चरेत् ॥ रे. अश्वि. रो. मृ. श्र. ध. ह. चि. स्वा. म. मू. उत्तरा ३. पुष्य, अनु. इन नक्षत्रों में और च. बु. वृ. शु. श. इन वारों में १। २। ३। ५। ६। ७। ८। १०। ११। १२। १३। १५ तिथियों में ५। ८। ११ लग्नों में चतुर्थाष्टम शुद्ध हो तो वधूप्रवेश शुभ है।

प्रवेशस्य समयमाह—वधूप्रवेशो न दिवा प्रशस्तः राजप्रवेशो न निशि प्रशस्तः।
दिवा च रात्रौ च गृहप्रवेशः सत्कीर्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः ॥

विवाहतः प्रथमवर्षे वधूनिवासफलम्—विवाह के बाद आषाढ़ मास में कन्या पति के घर रहे तो अपनी सास को, क्षय मास में अपने शरीर को, ज्येष्ठ में ज्येष्ठ को, पौष में श्वसुर को, अधिक मास में पति को नाश करती है। विवाह के बाद चैत्र मास में पिता के घर रहे तो पिता को अशुभ है, सास आदि के अभाव में उस मास का कोई दोष नहीं।

द्विरागमन का मुहूर्त—प्योके से दूसरी बार पति के घर जाने को द्विरागमन कहते हैं। विवाह से एक वर्ष के भीतर अथवा तीसरे या पांचवें वर्ष वृश्चिक, कुम्भ, मेष के सूर्य में जब सूर्य और बृहस्पति शुद्ध हो तब सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार को २,३,६,७ या १२ वीं

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

राशि के लग्न में ह. अश्वि. पु. अभिजित्, तीनों उत्तरा. रो. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मू. मृ. र. चि. और अनुराधा नक्षत्रों में शुभ है। शुक्र सामने या दाहिने हो तो अशुभ है।

विशेषः—द्विरागमे षोडशावासरान्ते एकादशाहं समवासरेषु। न चात्र ऋक्षं न तिथिर्न योगो न वारशुद्ध्यादि विचारणीयम् ॥

शुक्रस्य सम्मुख दक्षिणे निषेधः—सम्मुख या दक्षिण शुक्र में यदि नूतन वधू जावे तो वन्ध्या हो, छोटे बालक को साथ लेकर जावे तो बालक की मृत्यु हो, गर्भिणी जावे तो गर्भ का सुख न पावे। यदि ऐसे समय राजविद्रोह राजपीडन आदि उपद्रव या दुर्भिक्ष के दुःख से यात्रा करनी पड़े एवं विवाहसम्बन्धी यात्रा में या देवतीर्थ यात्रा के सम्बन्ध में जाना पड़े तो सम्मुख या दक्षिण शुक्र का दोष नहीं होता। यदि रेवती से मृगशिर तक के चन्द्रमा में भी जावे तो दोष नहीं क्योंकि तब तक शुक्र अन्धा होता है।

विशेषः—सिंहस्थे वा गुरौ शुक्रे संमुखेऽस्तगतेऽपि वा। शुभो दीपोत्सवे वध्वाः प्रवेशः पतिमन्दिरे ॥ अत्यावश्यकेऽभिमुखेशुक्रदोषनाशाय शान्तिः—राजते वाऽथ सौवर्णे कांस्यपात्रेऽथवा पुनः। शुक्लपुष्पांबरयुते श्वेततण्डुलपूरिते ॥ निधाय राजतं शुक्रं शुचिमुक्ताफलान्वितम्। महाश्वेतगवा युक्तं सामगाय निवेदयेत् ॥

प्रथमस्त्रीसंगममुहूर्त—रजोदर्शनानन्तर १६ रात्रि पर्यन्त ४ रात्रि के बाद समरात्रि में, (पञ्चदशवर्षोपरि रजोदर्शनाभावेऽपि) रो. मृ. पुष्य ह. चि. अनु. ध. उत्तरा ३, रिक्ता अमावस रहित तिथि में, शुभवार, रात्रि के प्रथम पहर को छोड़कर शुभ समय में चित्त को प्रसन्न कर प्रथम दिन स्त्री संगम करे। मनुष्य का स्त्री के प्रति कर्तव्य—स्त्री का अपमान या तिरस्कार न करे आदर सत्कार करे। विशेष गुप्त बात न कहे। और विशेषाधिकार भी न दे, क्योंकि स्त्री जाति पुरुष की समान कोटि में नहीं आ सकती। अपवाद में एक दो हो सकती हैं। प्रभुकृत शरीर रचना भी कोई वस्तु है, उसे समझना चाहिए। उनका दिल और दिमाग तथा ओज प्रकृति ने पुरुष से न्यून बनाया है। पशुओं में भी घोड़े हाथी सांड़ भैंस आदि अपनी स्त्री पर पूर्ण प्रभुत्व रखते हैं।

नववध्वाः पाककर्ममुहूर्तः—द्विरागमनोत्तरं मृ. उत्तरा. पुष्य. कृ. ज्ये. श्र. ध. श. रो. चि. रे. एषु नक्षत्रेषु शुभावसरे (रविभौमवर्जिते), रिक्ताक्षयरहिततिथौ, २।५।८।११ लग्नेषु,चतुर्थाष्टशुद्धे सप्तमभावे च बलान्विते सति पाककर्म शुभम्।

सधवास्त्रीणां वस्त्रसुवर्णरत्नभूषणादिधारणमुहूर्तः—ह. चि. स्वा. अनु. धनि. रे. अश्वि. एषु भेषु बु. गु. शु. वारेषु रिक्तामावस्यारहिततिथिषु, नूतनवस्त्रसौवर्णरत्नरजतमुक्तादिभूषणानां धारणं प्रशस्तम् ॥

चूडीचक्रम्—सूर्यनक्षत्राद् गणना ८ अशुभ। ३ शुभ। ४ शुभ। ७ अशुभ। ६ अशुभ। १ शुभ। २ शुभ। १ अशुभ। गुरुशुक्रोदय में शुभ।

वस्त्रधारणे विशेषः—विप्रादेशात्तथोद्वाहे क्षमापालेन समर्पितम्। निन्द्येऽपि धिष्ण्यारादौ धारयेच्च नवाम्बरम्।

भूषणघट्टनमुहूर्तः—ह. अ. पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. उत्तरा ३. रो. एषु नक्षत्रेषु रिक्तामावस्यारहिततिथौ, शुभवासरे द्विपुष्करत्रिपुष्करयोगे वा भूषणं कार्यम् ॥

दुकान खोलने का मुहूर्त—ह. चि. रो. र. उत्तरा ३. पुष्य. अश्वि. अभि. इन नक्षत्रों में ४।९।१४।३० इन तिथियों को छोड़ कर अन्य तिथियों में, मंगलवार को छोड़कर

में पापग्रह हों, ८।१२ वां स्थान पाप रहित हो, अपनी शुभ दशा भी चलती हो तो दुकान करना शुभ है, चन्द्र लग्न में हो तो अत्यन्त शुभ है।

भर्तृगृहात्पितृगृहागमनमुहूर्तः—पूर्वा ३ भ. मू. म. ज्ये. आ. आश्ले. एतद्भिन्नेषु, चं. बु. शु. वारेषु सत्तिथौ शुभलग्ने कुयोगादिरहितेयं प्रशस्तः ॥

घोड़े पर चढ़ने का मुहूर्त—भ. आर्द्रा. आश्ले. म. पू. ३, ज्ये. मू. इन नक्षत्रों को छोड़कर शेष नक्षत्रों में रविवार को शुभ है।

हट्टचक्र——सूर्य नक्षत्र से दुकान खोलने के दिन तक नक्षत्र गिनकर चक्र से शुभाशुभ फल जाने।

नक्षत्र	२	३	४	४	३	४	४	४
स्थान	आसन	मुख	अग्नि	नैर्ऋत	सन्मुख	वायव्य	ईशान	मध्य
फल	सौख्य	विक्रयनाश	अर्थनाश	सुख	महाश्रेष्ठ	चोर भय	सर्वहानि	शुभप्रद

सेवाक्रम (नौकरी)-मुहूर्तः—अ. मृ. चि. ह. पुष्य. अनु. रे. एषु भेषु रिक्तामारहिततिथौ, र. बु. वृ. शु. वारेषु शुभः। लग्नस्थे, १०।११ सूर्य भौमे वा स्वामिसेवकयोः राशीशयोनिमैत्र्यां सत्यां शुभः।

व्यवहार (बही)-पत्रारम्भमुहूर्तः—अश्वि. रो. मू. पुन. पु. उत्तरा ३, ह. चि. अनु. श्र. रे. एषु.भेषु रिक्तामारहिततिथौ, सू. चं. बु. वृ. श. वारेषु शुभयुते शुभे लग्ने चरे द्विस्वभावे च व्ययाष्टरहिते पापैः केन्द्रकोणगैः शुभैः स्यात् ॥

द्रव्यप्रयोगमुहूर्तः—पुन. स्वा. मृग. रे. चि. ऽनु. वि. पुष्य. श्र. ध. श. अश्वि. एषु नक्षत्रेषु, १।४।७।१० लग्नेषु ९।५।८ शुद्धिरहिते द्रव्यप्रयोगः शुभः। अत्रावसरे ९।५ शुभग्रहाणां तु न कोऽपि दोषः।

ऋण लेने के लिये वर्जित काल—मंगलवार संक्रान्ति दिन, वृद्धियोग, हस्तनक्षत्रयुक्त रविवार को ऋण ले तो कभी मुक्त न हो। मंगलवार को ऋण चुकाना अच्छा है। बुधवार को धन नहीं देना चाहिए। कृ. रो. आर्द्रा, श्ले. उ. ३, वि. ज्ये. मू. नक्षत्रों में भद्रा व्यतिपात और अमावस में गया धन फिर मिलता नहीं या झगड़े आदि पर उतारू होना पड़ता है।

श्रीकाशीनाथमते क्रयविक्रयमुहूर्तः—पुष्य. पू. भा. अनु. श्र. ह. म. स्वा. उत्तरा.३, आश्ले. रे. एषु. भेषु, सत्तिथौ शुभदिने उत्तमशकुनं विचार्य क्रयविक्रयणं कार्यम्।

वस्तु खरीदने के नक्षत्र—रे. शत. अश्वि. स्वा. श्र. चि. वारों में बुध, रवि श्रेष्ठ माना गया है।

वस्तु बेचने के नक्षत्र—पू. फा. पू. षा. पू. भा. वि. कृ. श्ले. भ. ये ७ नक्षत्र और गुरुवार, चन्द्रवार श्रेष्ठ माने गये हैं।

नोट—बेचने के नक्षत्रों में खरीदना और खरीदने के नक्षत्रों में बेचने वालों को ९५ फी सदी नुकसान रहेगा इसमें संशय नहीं। इसी कारण खरीदने बेचने के नक्षत्र दिखाये गये हैं, परन्तु सम्प्रति प्रचलित सट्टे जैसे भयानक व्यापार में तो धैर्य का काम ही नहीं, सिवाय घबराहट के दिन भर में १० बार बेचना, २० बार खरीदना ऐसे व्यापारी क्या करेंगे इन नक्षत्रों को। लेकिन हमारा कहना है कि विचार करके परीक्षा तो

अवश्य ध्यान दें तभी मालूम होगा कि ऋषियों के वाक्य

विशेषः—पुष्य. ३ रो. म. आश्ले. पू.षा. इनमें

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अवश्य ध्यान दें तभी मालूम होगा कि व्यापार में नालिश (अर्जी) का मुहूर्त—४।९।१४ तिथि हो, मं. श. वार हो. कृ. आर्द्रा. भ. अ. श्ले. म. ज्ये. म. वि. पूर्वा ३. नक्षत्र हो, भद्रा होवे तो अत्युत्तम है।

गृहादि निर्माण में आय विचार

ग्रामभात् वासकर्तु नक्षत्र यावद् गणना कार्या स्थाननक्षत्रफलम्		
मस्तके	७	धनलाभः
पृष्ठे	७	हानिःनैःस्वम्
हृदये	७	सुखलाभः
पादे	७	पर्यटनम्

गृहस्वामी के हस्तादि लम्बाई चौड़ाई को परस्पर गुणा कर आठ का भाग देवे, जो शेष रहे वह क्रम से ध्वजादि आय होते हैं। १ ध्वजा, २ धूम्, ३ सिंह, ४ स्वान, ५ वृषभ ६ गर्दभ, ७ हस्ति, ८ (०)। इनमें एकादि विषम संख्या की आय शुभ और दो आदि सम संख्या को अशुभ जानना। गृह की भूमि को अन्दर से मापना चाहिए और देवस्थान की भूमि को बाहर से मापना चाहिए। ३२ हाथ लम्बे चौड़े घर में आयादि विचार की आवश्यकता नहीं है और न चार द्वार वाले घर में ही। ब्राह्मण को ध्वजाय, क्षत्रिय को सिंहाय, वैश्य को गजाय और शूद्र को वृषभाय विशेष शुभ होती है। अन्य आय नीच जाति के लिए शुभ हैं।

घर का नक्षत्र और व्यय ज्ञान

घर के क्षेत्रफल (हस्तादि लम्बाई चौड़ाई के गुणन) को आठ से गुणाकर २७ का भाग दे। जो अंक शेष रहे तदनुसार अश्विन्यादि गृह का नक्षत्र जाने। इस नक्षत्र को ८ से भाग देवे। शेषांक तुल्य व्यय जाने। आय से व्यय कम हो तो शुभ अन्यथा अशुभ।

वास्तु भूमि का शुभाशुभ जानना

नई बस्ती में गृहादि बनाना हो तो भूमिपूजनपूर्वक शाम को एक हाथ चौड़ा एक हाथ लम्बा एक हाथ गहरा गड्ढा बनाकर उसको जल से भर देवें। प्रातःकाल उसको देखें यदि जलयुक्त हो तो शुभ, निर्जल मध्यम, निर्जल फटा हुआ हो तो अशुभ है।

मकान बनाने के लिये पृथ्वी की शुभाशुभपरीक्षा

मकान की नींव को इतना गहरा खोदे कि जल दीखने लगे अथवा दूसरी मिट्टी जब तक निकले अथवा साढ़े तीन हाथ गहरी खोदे अर्थात् मनुष्य के बराबर खोदे। खोदते समय जो जमीन में पत्थर निकले तो धन आयु की वृद्धि हो और जो गुठली निकले तो धन नाश हो और जो हाड़ राख बाल निकले तो मकान बनाने वाले को व्याधि पीड़ा हो।

गृहारम्भमुहूर्त—वैशा. श्रा. मार्ग. माघ. फाल्गुन और सौर महीने गृहारम्भ में श्रेष्ठ कहे हैं, भाद्रपद और कार्तिक मास मध्यम हैं। २।३।५।६।७।१०।११।१२।१३।१५ और कृष्णपक्ष की प्रतिपदा इन तिथियों में, चं. बु. गु. शु. श. वारों में. रो. म. चित्रा ह. स्वा. अनु. उत्तरा ३. ध. श. रे. वेधरहित नक्षत्रों में., २।३।५।६।८।११।१२ लग्नों में पञ्चबाण और भूमिशयन से रहित दिनों में लग्न से केन्द्र त्रिकोण स्थानों में शुभग्रह और ३।६।११ वें स्थान में पापग्रह तथा अष्टम स्थान शुद्ध होने पर गृहारम्भ मुहूर्त शुभ होता है। केवल तृणमय गृहारम्भ में वत्स चक्र व मासादि का विचार नहीं करना।

सूर्यनक्षत्र से गृहारम्भ-नक्षत्र तक अभिजित् सहित गणना करें।

स्थानानि	न.	फलानि
शीर्षे	३	अग्निदाहः
अ. पार्वे	४	शून्यमसत्
पृ. पार्वे	४	स्थिरता
पृष्ठे	३	लक्ष्मीप्राप्तिः
द. कुक्षौ	४	लाभःशुभम्
पुच्छे	३	स्वामिनाशः
वामकुक्षौ	४	निर्धनता
मुख	३	पीड़ा असत्

विशेषः—पुष्य. ३ रो. म. आश्ले. पू.षा. इनमें से जिस पर बृहस्पति हो उस नक्षत्र में और बृहस्पति को गृहारम्भ हो तो पुत्र और सम्पत्तिदायक होता है। रो. ह. अ. उफा. चि. इनमें से जिस पर बुध हो उस नक्षत्र में बुधवार को गृहारम्भ हो तो सुख और पुत्र होते हैं वि. अ. चि. ध. श. आर्द्रा इनमें से जिसपर शुक्र हो उस नक्षत्र में और शुक्रवार को गृहारम्भ हो तो धनधान्यदायक होता है।

भूमिप्रसुप्तज्ञानम्—"संक्रांति मिति दिन पांचवें सप्तम नवम जोय। इस इक्कीस २४ में षट् दिन पृथ्वी सोय। तत्रात्यावश्यके क्रमात् ५।११।७।६।२।१० एता घटिका भूमिकर्मण्यवश्यं वर्जनीयाः। अन्यच्च सूर्य के नक्षत्र से ५।७।९।१२।१९।२६ इतनी संख्या के नक्षत्रों में पृथ्वी शयन के कारण मकान की नींव, तड़ाग, वापी, कूपादि का खोदना उत्तम नहीं होता।

गृहमध्ये कूपविचारः

मध्य	ई.	पू.	आ.	द.	नै.	प.	उ.	वा.
अर्थहानिः	सुपुष्टिः	सुप्राप्तिः	पुत्रनाशः	स्त्रीनाशः	गृहेशनाशः	संपत्	सुखम्	शत्रुभयम्

अथ चुल्लिचक्रविचार

सूर्य के नक्षत्र से ४ नक्षत्र पीठ के सुखप्रद। ४ मस्तक के मृत्युप्रद। ८ बाहु के सुन्दर-सुख भोगदायक। ५ गर्भ के नाशक। २ भुज के भोगदायक। २ चरण के नाशक। यह चुल्लिचक्र गर्गाचार्य ने कहा है, पण्डित जन विचार करें। उपरोक्त शुभ नक्षत्रों में चुल्हा बनावे तथा इन्हीं शुभ नक्षत्रों में प्रथम अग्नि जलावे।

नूतनगृहप्रवेश मुहूर्त

माघ-फाल्गुन-वैशाख-ज्येष्ठमासेषु शोभनः। प्रवेशो मध्यमो ज्ञेयः सौम्य (मार्ग)-कार्तिकमासयोः॥ (यहां चान्द्रमास लेना) उत्तरा ३. अनु. रो. मृ. चि. रे. इन नक्षत्रों में रिक्तामारहित तिथियों में चं, बु. श. इन वारों में २।५।८।११ लग्नों में अत्यावश्यके ३।६।९।१२ लग्न में भी, लग्न से १।२।३।५।७।९।१० इन स्थानों में शुभ ग्रह हों, ३।६।११ में क्रूर हों, १।६।८।१२ वें चन्द्रमा न हो, चौथा ८ वें स्थान शुद्ध हो, जन्म लग्न या जन्म राशि से ८ वीं राशि लग्न में न हो, चन्द्र तारा शुभ हों और कुम्भ चक्र की भी शुद्धि हो तो आगे गौ कन्या जलपूर्ण पुष्पमाला युक्त कलश शंखध्वनि मंगलगान के साथ दम्पति को गृहप्रवेश शुभ है।

गृहप्रवेश का विशेष मुहूर्त—पुराने अर्थात् जीर्ण या तृण कुटीर अथवा अग्नि-वर्षा इत्यादि के भय से बनवाये हुए नए घर में भी वै. श्रा. का. मार्ग. फा. मास में शत. पुष्य. स्वा. और ध. नक्षत्रों में तथा गुरु शुक्र के अस्त में भी गृहप्रवेश हो सकता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सूर्यराशिवशात् खातज्ञानम्
खाते राहोर्मुखात्पृष्ठदिग्भागः शुभदो भवेत्

राहुमुख	ऐशान्यां	वायव्यां	नैर्ऋत्यां	आग्नेय्यां
देवालयारम्भे सूर्यः	मी. मेष वृष	मि. क. सिंह	कर्क तुला वृश्चिक	धनु मकर कुम्भ
गृहारम्भे सूर्यः	सिं. कं. तु.	वृश्चि. ध. मकर	कुम्भ मीन मेष	वृष मिथुन कन्या
जलाशयारम्भे सूर्यः	मि. कुं. मी.	मे. वृष मिथुन	कर्क सिंह कन्या	तुला वृश्चिक धनु
खातदिशाज्ञानम्	आग्नेय्यां	ऐशान्यां	वायव्याम्	नैर्ऋत्यां

द्वारशाखाचक्रम् सूर्यनक्षत्रात्

स्थान.	न.	फलानि
शिरसि	४	श्रीप्राप्तिः
कोण	८	उद्वसनं
शाखा	८	सौख्यम्
देहल्यां	३	गृहेशनाशः
मध्ये	४	सौख्यम्

चक्रमिदं विलोक्य सुधिया द्वारं विधेयं शुभम् ॥

गृहप्रवेशे कुम्भचक्रम् सूर्यभात्

५	८	८	६
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

कूप तालाब और बावड़ी खुदवाने का मुहूर्त—अनु. ह. तीनों. उ., रो. ध. श. म. पू.षा. रे. पुष्य. मृ. नक्षत्र हों वा चन्द्रमा मकर के उत्तरार्ध, मीन या कर्क में हो, लग्न में बुध या गुरु हो, शुक्र १० वें स्थान में हो और पाप ग्रह निर्बल हों तो शुभ है। यदि २।१०।४।११।१२ लग्न हों तो अत्युत्तम है।

सूर्यनक्षत्रात्कूपचक्रम्

ईशान ३ क्षार जल	पूर्व ३ खण्डितजल	आग्ने. ३ सुजल
उत्तर ३ उत्तम जल	मध्य ३ स्वादु तथा शीघ्रजल	दक्षिण ३ निर्जल
वायव्य ३ मिश्रितजल	पश्चिम ३ जल	नैर्ऋत्य ३ अमृत जल

सूर्यभात्तडागचक्रम्

ई. २. जलनाश	पूर्व २ शोक	आ. २ जलाधिक्य
उ. २ अमृत जल	मध्य ५ बहुजल	द. २ जलनाश
वा. २ जलनाश	प. २ बहुजल	नै. २ अमृतजल

गणनाक्रम—मध्यपूर्व आग्नेय दक्षिणादिक्रमेण बोध्यम्

अवशिष्टानि ६ नक्षत्राणि 'वारिवाहै' संज्ञकानि सन्ति तत्फलम्—वारिवाह वारिहानिः। गणनाक्रम—पूर्व आग्नेय द० न० प० वा० उ० ई० मध्ये

रोगिणीभात् वापीचक्रम्

ईशान अ. भ. कृ. मध्यजल	पूर्व पुन. पु. श्ले. जलाभाव	आग्नेय म. पूफा. उषा. मध्यजलम्
उत्तर पूभा. उभा. रे. मिष्टजलम्	मध्य रो. मृ. आर्द्रा शीघ्रजलम्	दक्षिण ह. चि. स्वा. जलाभाव
वायव्य श्र. ध. श. क्षारजलम्	पश्चिम मू. पू. उषा. अमृतजलम्	नैर्ऋत्य वि. अनु. ज्ये बहुजलम्

जलाशयारामदेवप्रतिष्ठामुहूर्त :—

देवतारामवाप्यादिप्रतिष्ठामुत्तरायणे।
माघादिपञ्चमासेषु कृष्णेऽप्यापञ्चमीदिने ॥
मातृभैरववाराहनारसिंहत्रिविक्रमाः।
महिषासुरहंत्री च स्थाप्या वै दक्षिणायने।

अश्वि० रो० मृ० पुष्य, ह० चि० स्वा० अनु० श्र० ध० श० उत्तरा० ३. रे० एषु भेषु कुजशनिवर्जितवारेषु २। ३। ५। ७। ८। १०।११।१२।१३ एतत्तिथौ शुक्ले १। २। ३। ५ तिथिषु कृष्णे, गुरुशुक्रयोः नीचनिर्बलास्तादिरहितकाले, कर्तुः सूर्यचन्द्रतारानुकूल्ये सति जन्मलग्नयोरष्टमराशिलग्नरहिते स्थिर-(२।५।८।११) लग्नेषु लग्नात् १।४।७।१०।९।५।२।११ स्थानेषु शुभः, ६। ११ सेन्दुभिः पापैः पूर्वाह्णे देवप्रतिष्ठा कार्या।

देवताविशेषेण लग्नम्—सिंहे सूर्यो शिवो द्वन्द्वे लग्ने स्थाप्यः स्त्रियां हरिः। कुम्भे वेधाश्वरे क्षुद्राद्यं ददेव्यः स्थिरेऽखिलाः॥ यस्य देवस्य यत्तिथिवारनक्षत्रादिकं तद्दिनेयदि तस्य प्रतिष्ठा मुहूर्तो भवेत्तदा अत्युत्तमः॥

वास्तुशान्तिमुहूर्तः—श्र० ध० मृ० मू. अनु० रे० ह० चि० स्वा० उत्तरा ३. पुन. पु. रो० अश्वि० एषु भेषु शुभेऽह्नि सत्तिथौ बलिदानपुरस्सरं वास्त्वर्चनं कार्यम्।

अग्नि का वास किस लोक में है—जिस दिन हवन करना हो उस दिन तिथि और वार की संख्या जोड़कर एक और जोड़ना पुनः ४ का भाग देना यदि पूरा भाग लग जाय (० शेष रहे) अथवा तीन शेष रहे तब अग्नि का वास पृथ्वी पर सुखकारक होता है, शेष १ बचने पर आकाश में प्राणहानिकारक, शेष २ बचने पर पाताल में धनहानि करता है। तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से, वार गणना रविवार से करनी। इसके बाद आहुतिचक्र जरूर देखिए।

ग्रहमुखे होमाहुतिज्ञानाय चक्रम्
(सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनना)

सू०	बु०	शु०	श०	चं०	मं०	गु०	रा०	के०	ग्रहा.
३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
नेष्ट	श्रेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	नेष्ट	फलम्

विशेषः—यात्राविवाहव्रतगोचरेषु चौलोपनीताद्यखिलव्रतेषु। दुर्गाविधानेषु सुतप्रसूतौ नैवाग्निचक्रं परिचिन्तनीयम्॥ महारुद्रे व्रतेऽमायां ग्रस्तेन्द्वर्कास्तराहुणा। नित्यनैमित्तिके कार्ये अग्निचक्रं न दर्शयेत्॥ दिग्दाहेप्यथवा घोर ग्रहास्ते भूमिकम्पने। केतूनामुदये शान्तौ च यत्नेन चिन्तयेत्॥ लक्षकोटिहवने मखेऽखिले चातिरुद्रकरणे महाविधौ। देवखातभवने सुरालय अग्निचक्रमवलोकयेत्सुधी॥ दुर्गभंग गृहे वाऽपि विवादे शत्रुविग्रहे। शान्तिकर्म नृपक्रोधे चक्रं तत्र निरीक्ष्यते॥

[illegible] कुण्ड निधाय सम्पूज्य तत्र होमो विधीयते॥

[illegible]—मृ. र. चि. अनु. उत्तरा ३. रो. ह. पुष्य, अश्वि. श. मू. धि. नक्षत्रों में रिक्तातिथिरहित शुभ तिथियों में और चं. बु. वृ. शुक्रवार हों, शुक्लपक्ष

CC-0.In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

मधुगन्धाक्षतैर्चितां प्रतिमां ततः । कुण्ड निधाय सम्पूज्य तत्र होमं विधीयते ॥

अथ ऋणी-धनी विचारः—स्ववर्गद्विगुणां कृत्वा परवर्गेण योजयेत् । अष्टभिश्च हरेद् भागं योऽधिकः स ऋणी भवेत् ॥

यथा—अपने वर्ग को दूना कर दूसरे वर्ग को जोड़ना फिर ८ का भाग देना । फिर दूसरे का वर्ग दुगुना करके अपना वर्ग जोड़ना फिर ८ का भाग देना ; जिसका भाग शेषांक अधिक बचे वह ही कम बचने वाले का ऋणी जानना ।

हलप्रवहणमुहूर्तः—मृ. रे. चि. अनु. रो. उत्तरा. ३. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. स्वा. पु. श्र. ध. श. मू. म. वि. एषु भेषु रिक्तामाषष्ठ्यष्टमीरहितसत्तिथौ शुभग्रहस्य वासरे, १।५।७।१०।११ लग्नेषु भूमिशयनभद्रादीन् वर्जयित्वा हलचक्रशुद्धौ सत्यां हलप्रवहणं शुभम् ।

हलचक्रम् सूर्यभुक्तनक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनें					बीजवपने राहुचक्रम् राहुनक्षत्रात् दिनभं यावत् गणना कार्या								
३	८	९	८	नक्षत्र	८	३	१	३	१	३	१	३	४
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	फलम्	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ

बीजवपने मुहूर्तः—ह. अश्वि. पुष्य. उत्तरा ३. चि. अनु. मृ. रे. स्वा. ध. म. मू. एषु भेषु सत्तिथौ भौमातिरिक्तवारेषु सुशकुने राहुचक्रशुद्धौ सत्यां शुभः ।

विशेषः—रवौ रौद्रा (आर्द्रा)—चपाद्स्थे भूये संजायते रजः ।
तस्माद्दिनत्रयं तत्तु बीजवापे परित्यजेत् ॥

नवान्नभक्षणमुहूर्तः—मृ. र. चि. अनु. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. विषघटी रहित नक्षत्रों में शुभ है ; नन्दा रिक्तातिथियाँ और पौष चैत्र को छोड़कर सू. बु. गु. शुक्रवार शुभ हैं ।

गौ आदि पशु लेने का मुहूर्त—अश्वि. पुन. पु. ह. वि. ज्ये. धनि. शत. र. नक्षत्र में गौ लेना बचना । अन्य पशु पुन. पूर्वा ३. ह. अनु. ज्ये. मू. धनि.. रे. में लेना बेचना शुभ है । गाय लेनी हो तो उ. फा. से दिन नक्षत्र तक गिनें, ३ तक लाभदायक, ५ तक हानि, ११ तक अर्थलाभ, १६ तक सुख, २२ तक महालाभ, २३ तक वृद्धि, २७ तक भय होता है । वृषभ (बैल) लेना हो तो ६ नक्षत्र लाभदायक फिर दो दो के क्रम से गाय के समान फल जानो । महिषी (भैंस) लेनी हो तो भी गौनक्षत्रगणना क्रमसे शुभाशुभ-फल सूर्य नक्षत्र तक गिनें (नौमी चौदस चौथ चौपाया । मंगल हानि करे घर आया)

सूर्यनक्षत्रात्मकाष्ठादि (गुहारा आदि) संस्थापनचक्रम्

६	२	४	४	४	४	४	नक्षत्र
उत्तमपाक	शवदहन	सर्पभय	मित्रलाभ	रोगभय	क्वाथकर्म	सुख	संख्या
शुभ	नष्ट	नेष्ट	शुभ	नेष्ट	नेष्ट	शुभ	फलम्

मृ. चि. नक्षत्रों में रिक्तातिथिरहित शुभ तिथियों में और चं. बु. वृ. शुक्रवार हों, शुक्लपक्ष में ४।१।११।१२ लग्न में शुभ है । तृणकाष्ठादिसंग्रह निषेधः—तृण काष्ठ का सञ्चय और पलंग बुनवाना आदि कर्म कुम्भ, मीन के चन्द्रमा में नहीं करना चाहिए ।

औषध का मुहूर्त—ह. अ. पुष्य. अभि. मृ. र. चि. अनु. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मूल, जन्मनक्षत्र को छोड़कर इन नक्षत्रों में ४।९।१४ को छोड़कर शुभ तिथियों में, भौम शनि को छोड़कर अन्यवारों में शुभ है ।

अथ यात्रा मुहूर्तः—

ह. म. श्र. अश्वि. पुष्य. पुन ध. अनु. रे. एषु भेषु यात्रा अत्युत्तमा ; रो. उत्तरा ३. पूर्वा ३. एषु भेषु मध्या; भ. कृ. आर्द्रा, आश्ले. म. चि. स्वा. वि. ज्ये. एषु भेषु निन्द्या । तत्रात्यावश्यकत्वेऽपि यात्रायां भरण्यादिभानां क्रमात् ७।२१।१४।१४।११।४०।१४।१४।१४ एता घटिका गमनकर्मण्यवश्यं वर्जनीयाः, २।३।५।७।१०।११।१२ कृष्णपक्षस्य प्रतिपत्सु दिग्द्वारलग्नेषु वा यात्रा शुभा ।

दिग्द्वारलग्नानि

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	दिशा
१।५।९	२।६।१०	३।७।११	४।८।१२	शुभम्
२।६।१०	३।७।११	४।८।११	१।५।९	मध्यम
४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	३।७।११	भयम्
३।७।११	४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	म० भ०

यात्रा में शुभाशुभ लग्न—जन्मलग्न और जन्मराशि से अष्टमलग्न तथा कुम्भ या कुम्भ के नवांश में यात्रा कदापि न करे । शुभ लग्न वह है जब १।४।५।७।९।१० स्थानों में शुभ ग्रह और ३।६।१०।११ वें पापग्रह हों । अशुभ लग्न वह है जब १।६।८।१२ वें चन्द्रमा १० वें शनि, ६ वें शुक्र, १२।६।८वें लग्नेश हो । अन्यच्च यात्रायामष्टमं शुद्धं विवाहे सप्तमं तथा । दशमं तु गृहारम्भे चतुर्थं तु प्रवेशने ॥

जन्म लग्नेश दशमेश अस्त हों वा मारक दशा हो तो सुमुहूर्त में भी दूर की यात्रा न करे, प्रथम तीर्थ-यात्रा वा देवदर्शन गुरुशुक्रास्त में वर्जित है ।

दिक्शूलज्ञानाय चक्रम्

पूर्व	आ.	दक्षि.	नैऋ.	पश्चि.	वाय.	उत्तर.	ईशा.
चं. श.	चं.श.	गुरु	सू.श.	सू. श.	भौम	मं.	बु. श.

नक्षत्रशूलचक्रम्

दिशा	पू.	द.	प.	उ.
वारः	ज्ये.	पू. भा.	रोहि.	उ.फा.

दिक्शूलपरिहारः—न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्यदैत्येज्यदिवाकराणाम् । दिवा शशांकार्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोषः ॥१॥ सूर्यवारे घृतं प्राश्यं चन्द्रवारे पयस्तथा । गुडमंगारके वारे बुधवारे तिलानपि । गुरुवारे दधि प्राश्यं शुक्रवारे यवानपि । माषान्भुक्त्वा शनिवारे शूले गच्छेन्न दोषभाक् ॥२॥

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यात्रा में कालज्ञान

योगिनीवासचक्रम्

शनौ	पूर्वे
शुक्रे	आग्नेय्यां
गुरौ	दक्षिणे
बुधे	नैर्ऋत्ये
भौमे	पश्चिमे
चन्द्रे	वायव्ये
रवौ	उत्तरे
सम्मुखे नेष्ट	

पू०	अग्नि०	दक्षि०	नैर्ऋ०	पश्चिम	वाय०	उत्तरे	ईशा०	दिशा
१।९	३।११	५।१३	४।१२	६।१४	७।१५	२।१०	८।३०	तिथि

योगिनी साधारण यात्रा में सामने और दाहिने अशुभ होती है, पीछे और बांये की शुभ,युद्ध यात्रा की बांयें ओर की और सम्मुख की विशेष त्याज्य है। समयशूल उषा काल में पूर्व को,गोधूलि में पश्चिम को, अर्द्ध रात्रिमें उत्तर को और मध्याह्नकालमें दक्षिण को नहीं जाना चाहिए। गर्गगुरु अङ्गिरामुहूर्त–गर्ग जी के मत से ५ या ४ घड़ी रात रहे गमन करे। बृहस्पति के मत से अच्छा शकुन मिलने पर यात्रा करे। अङ्गिरा के मत से जब मन प्रफुल्लित हो तब ही चला जाय। भगवान् के मत से ब्राह्मण की आज्ञा लेकर यात्रा करने से शुभ होता है। पञ्च पञ्च (५५) उषाकालः सप्तपञ्च (५७) अरुणोदयः। अष्टपञ्च (५८) भवेत्प्रातः शेषं सूर्योदयो भवेत् ॥

चन्द्रवासचक्रम्

पूर्वे	दक्षि.	पश्चि.	उत्तरे
मेष वृष	मिथुन	कर्क	सिंह कन्या तुला वृश्चिक
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

एकस्मिन् राशौ आवश्यके-

घट्यात्मकचन्द्रवासचक्रम्

पू.	द०.	प०	उ०	पू०	द०	प०	उ०	दिशा
१७	१५	२१	१६	१७	१५	२०	१४	घटी

घट्यात्मक चन्द्रवास जिस दिशा का चन्द्र होवे उस दिशा से गिनना चाहिये। कुम्भ और मीन के चन्द्रमा में दक्षिण को कदापि न जावे।

चन्द्रफलम्—सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसम्पदः। पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः ॥१॥ सर्वे दोषा लयं यान्ति पूर्णचंद्रे हि सम्मुखे ॥इति॥ सम्मुखे चन्द्रप्रशंसा–करण-भगणदोषं, वारसंक्रान्ति-दोषं, कुतिथिकुलिकदोषं यामयायार्द्धदोषम्। कुजशनिरविदोषं राहुकेत्वादिदोषं हरति सकलदोषं चन्द्रमा सम्मुखस्थः ॥

सर्वाङ्गसिद्धियोगः—शुक्लादि तिथि वार की संख्या के जोड़ को तीन जगह रख क्रमशः ७।८।३ का भाग दे। शेष प्रथम स्थान में शून्य हो तो क्लेश, मध्य में हो तो धनक्षति और अन्त में हो तो मृत्यु होती है। सर्वत्र अंक आने से सौख्य, जय, लाभ हो। विजयादशमी को बिना सर्वाकादि मुहूर्तों के भी यात्रा सफल होती है। बायां स्वर चलते समय पूर्व व ईशान को, दायां चलते समय दक्षिण व नैर्ऋत को मत जाओ, हानि होती है। जाने वाले का अच्छे मुहूर्त और अच्छे शकुन में भी जाने को मन न चाहे तो कदापि न जावे, क्योंकि मुहूर्त शकुन से मन की इच्छा प्रबल है।

वर्णक्रमेण प्रस्थानविधानम्—यदि यात्रा मुहूर्त किसी अत्यावश्यक कार्यवश विलम्ब हो जाय तो उसी मुहूर्त में ब्राह्मण जनेऊ माला, क्षत्रिय शस्त्र, वैश्य मधु घृत व रुपया और शूद्र फल को अपने वस्त्र में बांध किसी घर के या नगर के बाहर जाने की दिशा में प्रस्थान से पूर्व [illegible]

[illegible] तृतीया–भौमवार, चतुर्थी–चन्द्रवार, पञ्चमी–शनिवार [illegible] (छिपकली, कोढ़किरली) पतनफलम्

[illegible] में यात्रा वर्जित है, पक्ष का विचार नहीं है।

हजामत, तीन दिन पूर्व तैल, सात दिन पूर्व मैथुन, समर्थ न हो तो एक दिन पहले तो सब त्याज्य वस्तुओं का त्याग अवश्य करे।

दिने चतुर्घटिकामुहूर्तम्							रात्रौ चतुर्घटिकामुहूर्तम्						
सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध.	बृह.	शुक्र	शनि	घटी	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	३।।।	शु.	चं..	का	उ.	अ.	रो.	ल.
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	७।।	अ.	रो.	ला.	शु.	चं.	का	उ.
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	११।	चं.	का	उ.	अ.	रो.	ला.	शु.
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	१५	रो.	ला.	शु.	चं.	का.	उ.	अ.
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	१८।।।	का.	उ.	अ.	रो.	ला.	शु.	च.
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	२२।।	ला.	शु.	चं.	का	उ.	अ.	रो.
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	२६।	उ.	अ.	रो.	ला.	शु.	च.	का.
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	३०	श.	चं.	का.	उ.	अ.	रो.	ल.

सूचना—यदि ३० घटी से न्यूनाधिक दिन या रात्रि का मान हो तो उसमें ८ का भाग देने से एक भाग के घटी फल ज्ञात होंगे।

यात्रायां शुभशकुनानि—मृग बांये दाहिने जो आवे तत्काल। अन्न धन लक्ष्मी बहु मिले चलते प्रातःकाल ॥ विप्र, दो अश्व, गजमद, फल, अन्न, दुग्ध, गोदधि, सर्षप, कमल निर्मल वस्त्र, वाद्य, वेश्या, मयूर, नकुल, सिंहासन, शस्त्र, मांस, दीप्ताग्नि, मत्स्य, ससुतस्त्री, गोरी कन्या, धोबी, कार्यसिद्धि वाक्य, सजलपूर्णघट, यात्रा पञ्चाद्रिक्त घट, यात्रा समय देखने में शुभ हैं। अशुभशकुनानि—वन्ध्या स्त्री, चर्म, अस्थि, इन्धन, संन्यासी, भैंसों का युद्ध, सर्प, शत्रु, मार्जार युद्ध, कुटुम्बकलि, विधवा, जातिभ्रष्ट, अंगहीन, छिक्का, दुष्ट-वाणी, यात्रा समय देखना अशुभ तथा कष्टप्रद है।

रामदैवज्ञोक्तम् आवश्यके यात्रामुहूर्तचक्रम्

पो०	मा.	फा.	चै.	वै.	ज्ये	आ.	श्रा.	भा.	आ.	का.	मा.	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भीति	लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य	दारिद्रय	दारिद्रय	मिश्र
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	हानि	दुःख	लाभ	लाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सौख्य	शुभ	लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	लाभ	लाभ	कष्ट	सौख्य
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मृत्यु	लाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सौख्य	लाभ	सिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	क्लेश	सिद्धि	लाभ	[illegible]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

तृतीया-अष्टमी, चतुर्थी-चतुर्दशी, पञ्चमी-पूर्णिमा, अमावस्या में यात्रा वर्जित है, पक्ष का विचार नहीं है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पांव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, कार्यसिद्धि, यात्रा सफल होगी।

नौका यात्रामुहूर्त—चि. ह. पु. मृ. पूर्वा ३. अनु. श्र. ध. एषु भेषु सत्तिथौ शुभेऽह्नि चन्द्रतारानुकूल्ये सति शुभः।

यात्रानिवृत्तौ प्रवेशमुहूर्तः—मृ. रे. अनु. रो. उ. ३. ह. अ. पुष्य. स्वा. श्र. ध. एषु भेषु चं. बु. वृ. शु. श. वारेषु १।२। ३।५।७।१०।११।१३ तिथिषु, ३।५।६।८।९।११।१२ एषु लग्नेषु, १।४।७।१०।५।९ स्थानेषु शुभैः ३।६।११ स्थानेषु पापैः ४।८ शुद्धौ शुभः; वि. कृ. पू ३. भ. म. मू. ज्ये. आर्द्रा. आश्ले. नक्षत्राणि; ४।९।१४।६। १२।८।३० तिथयः सू. मं. वारौ. १।४।७।१० लग्नानि सर्वदा वर्जनीयानि। मंगल को मिलाप कष्टप्रद सिद्ध होता है—विशेषः—प्रवेशान्निर्गमश्चैव निर्गमाच्च प्रवेशनम्। नवमे जातु नो कुर्याद्दिने वारे तिथाविति ॥

अथ घातचन्द्रवारादीनां चक्रम्

मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.	राशयः
म.	क.	कु.	मि.	म.	सि.	ध	वृष.	मिथुन	सिंह	ध.	कुम्भ	घातचन्द्र
र.	श.	च.	बु.	श.	श.	बृ.	शु.	शु.	मं.	वृष.	शु.	घातवार
म.	ह.	स्वा	ज्ये.	मू.	श्र.	श.	रे	भ.	रो.	आ.	श्लेषा	घातनक्षत्र
मे.	ध.	ध.	मि	वृश्चि	वृश्चि.	मी.	ध.	कन्या	वृश्चि	मि.	मेष.	चन्द्रघात
का.	मा	पौ.	मा.	फा.	चैत्र	वै.	ज्ये.	आ.	श्राव.	भा.	आ.	घातमास
वि.	सु.	प.	धृ.	प्री.	मु.	ज्यं	वृष.	वै.	गं	व्या.	वै.	घातयोग
१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	३१	३	५	घातलग्न
१	५	२	२	३	५	४	१	३	४	३	५	घाततिथि
६	१०	७	७	८	१०	९	३	८	९	८	१०	,,
११	१५	१२	१२	१३	१५	१४	११	१३	१४	१३	१५	,,

युद्ध, विवाद, राजसेवा, वाहन रोगादि कार्यों में घातचक्र देखना और तीर्थयात्रा तथा विवाहादि शुभ कार्यों में घाततिथि आदि देखने की आवश्यकता नहीं है।
"घाततिथिर्घातवारघातनक्षत्रमेव च। यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञस्त्वन्यकर्मसु शोभनम्।"

वाम दक्षिण निर्देश

अग्रे चक्रोक्त सर्व फल पुरुषों के दक्षिण अंग में और स्त्रियों के वामांग में विचार करना, पुरुषों के वाम भाग में और स्त्रियों के दक्षिण भाग में विपरीत अशुभ भयकारी फल होता है। जो फल पल्लीपात का कहा वह ही सरट (गिरगट) के चढ़ने का जाने। सरट के गिरने का तथा पल्ली के चढने का फल वथा होता है।

पल्ली (छिपकली, कोढ़किरली) पतनफलम्

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भ्रूमध्ये	राज्यसंबंधः	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधिः	वामकर्णे	बहुलाभः	अधरोष्ठ	एश्वर्यलाभः
वामभुजे	राज्यभयम्	स्तनयोः	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृपतुल्यता
जानुद्वये	शुभागमः	हस्तयोः	वस्त्रलाभः	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्वलाभः	वा मणिबंधे	कीर्तिनाशः	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	गमनम्	मुखे	मिष्टान्नभोजनम्
ललाटे	बन्धुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्रीनाशः
दक्षिणकर्णे	आयुवृद्धिः	नेत्रयोः	धनप्राप्तिः	पादान्ते	मृत्युः
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	रणम्
जंघयोः	शुभम्	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धान्यलाभः
द. मणिबंधे	मनस्तापः	हृदये	धनलाभः	दक्षांगुष्ठे	धनलाभः

पल्लीपतने प्रशस्तवारतिथ्यृक्षाणि—यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।११।१२।१३ इन तिथियों म गिरे तो श्रेष्ठ फलदायक है। तथा चं. बु. गु. शु. इन वारों में भी शुभ फल देती ह। पु. अश्विनी, रो. मृ. पुन. उफा. ह. चि. स्वा. ध. रे. अनु. श. ये नक्षत्र शुभ फलदायक हैं। अतोऽन्येषु भेषु निन्द्याः।

पल्लीपाते कर्त्तव्यकर्म—पल्ली (किरली) तथा सरट (गिरगट) स्पर्श होने पर वस्त्र सहित स्नान करे। जन्म नक्षत्र, मृत्युयोग, दग्ध दिन भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रहयुक्तलग्न में तथा अष्टमचन्द्रमा से पल्ली आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है। उसकी शान्ति के लिए जप, होम, मृत्युञ्जय का जप वा तिल-स्वर्ण दान पञ्चगव्य से स्नान तथा घृत का छायापात्र दान करना भी उत्तम है।

छिक्काफलम्—छिक्का प्रायः सब दिशाओं की नेष्ट होती है, गौ की छिक्का मरण करती है। मदिरा के योग अथवा—छींक सूंघनी छल कर लीन्हीं, पीन सरदी घास फल होनी। छीकि पीठि को कुशल उचारे; बाईं कारज सबै सवारे ॥१॥ सन्मुख छींक लड़ाई भाषे; छींक दाहिनी द्रव्य विनाशै ॥२॥ ऊंची छींक कहे जय कारी; नीची छींक होय भयकारी। अपनी छींक गहा दुखदाई; ऐसे छींक विचारो भाई ॥३॥ कन्या विधवा मालन धोबन धोबिन रजस्वला बेश्या चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है। भोजनान्त में छींक होय तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले।

अथ शुभ छिक्का—आसने शयने शौचे दाने चैव तु भोजने। वामांगे पृष्ठतश्चैव षट् छिक्कास्तु शुभावहाः। एक नाक दो छींक; काम बने सब ठीक ॥

तीर्थ में मुण्डन विचार—मुण्डनं चोपवासश्च सर्वतीर्थेष्वयं विधिः। वर्जयित्वा कुरुक्षेत्रे विशाला (उज्जयिनी) गिरिजा गयाम् ॥

हर प्रकार की पुस्तकें—मिलने का पताः—
मोतीलाल बनारसीदास, बैंग्लो रोड, जवाहरनगर देहली-६

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

अंगस्फुरणफलम्

पुरुषों का दायां अंग और स्त्रियों का बायां अंग फरकना शुभ है।

स्थानम्	फलम्	स्थानम	फलम्	स्थानम्	फलम्
मस्तक	पृथ्वीलाभ	वक्षःस्थल	विजय	ओष्ठ	प्रियवस्तु
ललाट	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	हनु	महाभाग
स्कन्ध	भोगसमृद्धि	कटि	प्रमाद	कण्ठ	ऐश्वर्यलाभ
भ्रूमध्य	सुखप्राप्ति	कटिपार्श्व	प्रीति	ग्रीवाधः	शत्रुभय
भ्रूयुग्म	महत्सौख्य	नाभि	स्त्रीनाश	पृष्ठ	पराजय
कपोल	शुभाप्ति	आंत्रिक	कोपवृद्धि	मुख	मित्रप्राप्ति
नेत्र	धनाप्ति	भग	पतिप्राप्ति	भुज	मधुरभोजन
नेत्रकोण	लक्ष्मीलाभ	कुक्षि	सुप्रीति	भुजमध्य	धनागम
नेत्रसमीप	प्रियसंगम	उदर	कोषलाभ	वस्तिदेश	अभ्युदय
नेत्रपक्ष्म	राज्यलाभ	लिंग	स्त्रीलाभ	उरु	वस्त्रलाभ
हस्त	सद्द्रव्यलाभ	गुदा	वाहनलाभ	जानु	शत्रुवृद्धि
नेत्रोर्ध्व	विजय	वृषण	पुत्रलाभ	जंघा	स्वामीप्रीति
पादोपरि	स्थानलाभ	पादतल	नृपत्वबुद्धि		

इन्हीं अंगों में तिल लसन मस्सा हो वा खुजली उठे तो भी चक्रोक्त फल जानना। पैर के तलओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल या खाज हो तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

उत्पातफलचक्रम्

उत्पात	फल	उत्पात	फल	उत्पात	फल
दिग्दाह	वर्षा न हो	भूकम्प	प्रजा को भय	सर्वग्रहअतिचार	शुभ फल
धूल वर्षे	दुर्भिक्ष पड़	पहाड़ टूटे	राजा की मृत्यु	मूसल निकले	युद्धमहर्घता
पत्थर वर्षे	अकाल हो	वृक्ष टूटे	राजा को भय	धूम्रकेतु उदय	राजभंग करे
तारे टूटें	जनक्षय	उलटी ऋतु	रोग विशेष	२।३।४ शूलोद	राजनाश
बिजली टूटे	जल सूखे	आदमी के पशुहो	राजविघ्न	सुवर्ण पंक्ति	राजनाश
दिनअंधेरा	प्रजाक्षय	गृहयुद्ध	राजाओंमेंविग्रह	त्रिकोणतारा	प्रजानाश
ग्रहसंयुति	अकाल	सूर्यचंद्र मंद पड़े	देश क्षय	वनपशुगांवबसे	मनु. शून्य हो
श्वेतमण्डल	भय हो	कृष्णमंडल	राज्य नाश	घर उल्लू बोले	गृह शून्य हो
पीतमंडल	रोग हो	धूम्र मंडल	बर्फ पत्थर पड़े	बांकी कबूतर-	गृहस्वा. नाश
नीलमंडल	वर्षा हो	बिना ऋतु फल	अन्न नाश	घर में बसे	
रक्तमडल	युद्ध हो	सूखीभूमिगीली	बहुत वर्षा	सू. चं. बिम्ब	रोगभय
स्त्री वध हो	दुर्भिक्ष पड़े	विप्रबालक वध	दुर्भिक्ष पड़े	अधिक देखपड़े	राजनाश
देवध्वंस	राजनाश	सर्वग्रास	सबवस्तु मंहगी	भूमिकम्प	दुर्भिक्ष
ग्रहास्तोदय	भयंकर वर्षा	भौमादिक वक्र	दुर्भिक्ष पड़े	[illegible]	[illegible]

[illegible] (दिन में देखे हुए को देखना), द्वितीय श्रुत (सुने हुए को सुनना), तृतीय अनुभूत (जागृतावस्था में परीक्षा की हुई बातों को स्वप्न में देखना) और चौथा वह विवाहित है तो उसके घर में सब प्रकार से सुख शान्ति रहेगी। [illegible] स्वप्न [illegible] सोने से स्वप्न निष्फल हो जाता है अतः सोवे नहीं।

अथ वारपरत्वेन तैलाभ्यंगे फलं विधिश्च

सू.	चं.	मं०	बु	गु.	शु.	श.	वाराः
तापम्	सुकांति	मृति	श्रीः	वित्त हानि	विपत्ति	सुख सुयोग	फलम्
पुष्पं	०	मृति	०	दूर्वा	गोमय	०	पातन

तैलाभ्यङ्गे वर्ज्यानि

तदाह्—
रवौ भौमे व्यतिपाते संक्रांतौ वैधृतावपि। षष्ठ्यष्टम्योश्च विष्ट्यां च, तैलाभ्यंगो न पर्वसु।

विशेष—यदि प्रतिदिन तैल लगाने का स्वभाव हो तब अथवा उत्सव के दिन व वातरोग में तेल लगाने में दोष नहीं है। अभिमन्त्रित, औषधि में पकाया हुआ सरसों का तेल, सुगंधित तेल लगाने से किसी दिन दोष नहीं है।

काकस्पर्शादौ फलम्—मस्तक पर काक स्पर्श धननाश, मरण तथा कलह करता है। कमर, कन्धे पर अशुभ होता है। स्त्री के मस्तक पर काक बैठना पति पुत्र का नाश करता है। वृक्ष के नीचे दही आदि के उत्तम भोजन के कारण काक का स्पर्श दोषकारक नहीं होता, किन्तु अकस्मात् स्पर्श दोष करता है। काकमैथुन देखना छः मास में मृत्यु अथवा मृत्युतुल्य कष्ट वा इच्छित कार्य नाश करता है। इसके दोष दूर करने के निमित्त उड़द के आटे की काकप्रतिमा मृण्मयपात्र में स्थापन कर उड़द, चावल, घी, मीठा का नैवेद्य देवे, ग्राम से दक्षिण की ओर बाहर चौरास्ते पर गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, दक्षिणादि से पूजन कर मृत्युञ्जय का यथाशक्ति जप करे (या करावे) घृतच्छायापात्र दान और पञ्चगव्य से स्नान भी करे। इस विधान के करने से सम्पूर्ण दोष नाश होते हैं।

अथकाकवचनफलविचारः—काकस्य वचनं श्रुत्वा पादच्छायां तु कारयेत्। त्रयोदशपदं दत्वा षड्भिर्भा समाहरेत्। लाभच्छेदस्तथा सौख्यं भोजनं च धनागमम्। निश्शेष-मरणं व्याधिरेतत्काकस्य लक्षणम्।

कपोतः (कबूतर)—सिर पर गिरे वा स्वपालतू कबूतर के बिना अन्य कबूतर घर में बसें वा उल्लू गृह में चला जावे तो मृत्यु व मान स्थान हानि होती है, तद्दोषनिवृत्यर्थं दुर्गापाठ, होम सप्तधान्य दानादि करने से शान्ति हो।

मुष्टिचक्र

अङ्क प्रश्न तथा फल वर्णन

